CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

मुरादाबाद, मंगलवार 6 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 143 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढः राधाकृष्णन पेज 2




बांग्लादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण खेल टाइम्स



ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय! सम्पादकीय



ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी पेज 12

# पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित




■ लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है।

लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया, जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के वांछित अपराधी तालिब उर्फ आजम खां की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा मगर स्वयं को पुलिस से घिरा देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी ढेर हो गया।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को नहीं मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

## कोर्ट ने 5 अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान व शादाब अहमद को सशर्त जमानत दी

**दिल्ली दंगाः उमर और शरजील अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं : शीर्ष अदालत**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक -शेष पृष्ठ दो पर

## अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री को चादर चढ़ाने से रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चादर चढ़ाने से रोकने की मांग को लेकर पेश याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है। वैसे भी यह अप्रासंगिक हो गया है, क्योंकि चादर चढ़ाने का कार्यक्रम पहले ही हो चुका है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसके आदेश का दरगाह से जुड़े अजमेर अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# उप्र पुलिस भर्ती के 32,679 पदों पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 31 दिसम्बर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001 (008)24/23, दिनांक 5 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है। देवरिया सदर से विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तीन हफ्ते के भीतर यह पांचवीं घटना बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बांग्लादेश के जेसोरे जिले के मोनिरामपुर उपजिला में हुई। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। बैरागी को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सोमवार दोपहर हुई। राणा प्रताप बैरागी केशबपुर उपजिला के निवासी थे। उन्हें मोनिरामपुर उपजिला के कपालिया बाजार में गोली मार दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा प्रताप सोमवार शाम करीब छह बजे कपालिया बाजार में थे, जब अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव

**कोनसीमा।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के राजोले इलाके में सोमवार को ओएनजीसी के एक चालू तेल कुएं से भारी गैस रिसाव हुआ है। घटना उस वक्त हुई, जब कुएं में मरम्मत का काम चल रहा था। हालात को देखते हुए प्रशासन ने इरुसुमंदा और आसपास के तीन गांवों को एहतियातन खाली करा लिया। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा। कुछ ही देर में गैस में आग लग गई और कुएं के पास ऊंची लपटें उठने लगीं। प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से बिजली के स्विच बंद रखने, गैस चूल्हा न जलाने और किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल न करने की अपील की।

### सूर्या होगा पुनः उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुनः उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है, जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई को राजद नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। श्री यादव ने याचिका में भारतीय रेलवे की कैटरिंग शाखा से जुड़े एक पुराने भ्रष्टाचार मामले में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती दी है।

# मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

■ एसआईआर फॉर्म में मिलीं गड़बड़ियां

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। शमी और उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है।

शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी।

## पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**गुवाहाटी/शिलांग।** पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हालांकि राज्य में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन एक बुजुर्ग महिला घर से बाहर भागते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। भूकंप के झटके सोमवार तड़के 4:17 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र मध्य असम के मोरीगांव में धरती की सतह से 50 किलोमीटर गहराई में था। 80 वर्षीय जॉयमोती डेवरी को भूकंप के दौरान अपने घर से बाहर भागते समय सिर में चोट लग गई।

# उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## दिल्ली में घने कोहरे के साथ बना रहा एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में बाधा आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 260-262 रहा और लगातार दूसरे दिन भी यह 'खराब' श्रेणी में बना रहा। कई इलाकों में प्रदूषण स्तर चिंताजनक रहा।

# सोमनाथ पर आक्रमण के 1000 साल, मोदी ने लिखा लेख

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: यह विध्वंस नहीं, हमारे स्वाभिमान की गाथा, मिटाने वाले खत्म हो जाते हैं

■ बोले: नेहरू नहीं चाहते थे राष्ट्रपति सोमनाथ जाएं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के प्रभास पाटन में बने पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर पर एक लेख लिखा है। यह ब्लॉग पोस्ट सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर है।

पीएम ने इसे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व नाम दिया है। गौरतलब है कि विदेशी आक्रमणकारी गजनी के महमूद गजनवी ने जनवरी 1026 में सोमनाथ पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। पीएम मोदी ने लिख कि सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ मंदिर, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी एक हजार साल बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में बढ़ी ठंड

■ आगरा व मुजफ्फरनगर में नौ गाड़ियां टकराईं, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया है।

सोमवार सुबह मध्य प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यूपी में कोहरे के कारण सोमवार को मुजफ्फरनगर और आगरा में सड़क हादसों में 9 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें 5 लोगों की मौत हुई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। लखनऊ समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं और 10/15 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही।

## संक्षिप्त समाचार

### चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी द्धआपऋ के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबा. रा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में 13 बकरियां मरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में बीती रात एक तेंदुए ने बकरी पालन में घुसकर लगभग दो दर्जन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 13 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 6 बकरियां घायल हो गईं। सुजौली गांव के सोतिया नाला के समीप मनीष मौर्य का बकरी पालन व्यवसाय है, जिसमें दर्जनों बकरियां होती हैं। रात एक तेंदुआ जंगल से निकलकर पालन में घुस गया और बकरियों के झुंड पर अंधाधुंध हमला कर दिया। घायल बकरियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक विपिन बिहारी और सहायक पशु चिकित्सक ललित सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी देखभाल की।

# बुद्ध की शिक्षाएं दबाव से नहीं, संवाद व नैतिक आचरण से विश्व में फैली

**नई दिल्ली, वार्ता**

बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और उसके विश्वभर में फैलने के संबंध में विचारकों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं बल्कि संवाद और नैतिक आचरण के जरिए विश्व भर में फैलीं हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश में जो वापसी हुई है, वह स्वामित्व नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को यहां पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बौद्ध दर्शन पर आयोजित पैनल चर्चा में शामिल विद्वानों ने पिपरावा अवशेषों की वापसी को सुगम बनाने में मोदी, संस्कृति मंत्रालय और उनके सहयोगियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्विक सद्भावना, शांति तथा साझा मानवीय मूल्यों के प्रति यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नव नालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद, नैतिक आचरण और व्यक्तिगत उदाहरण के जरिए विश्व भर में फैलीं। बौद्ध धर्म

**पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

अन्य धर्म-आधारित परंपराओं की तरह धर्म परिवर्तन के बजाय मानव मन की शुद्धि और दुखों के निवारण का प्रयास करता है।

उनका कहना था कि बुद्ध के अवशेष समकालीन अनुयायियों को ऐतिहासिक बुद्ध से जोड़कर जीवंत परंपराओं को बनाए रखते हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश वापसी स्वामित्व के बजाय साझा जम्मिेदारी का प्रतीक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. नलिन कुमार शास्त्री ने कहा कि पिपरावा अवशेषों की वापसी शांति और एकीकृत राष्ट्रीय विकास के मार्गदर्शक के रूप में बौद्ध दर्शन की नई प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि बौद्ध विचार प्राचीन ज्ञान को नैतिक शासन, पर्यावरण स्थायित्व और मानसिक कल्याण जैसे समकालीन चिताओं से जोड़ता है और सामाजिक सद्भाव, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा वैश्विक कल्याण के लिए धम्म की मातृभूमि के रूप में भारत की भूमिका को पुनः स्थापित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. बाला गणपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की वैश्विक स्वीकृति इसकी दार्शनिक गहराई और नैतिक सार्वभौमिकता में निहित है। पिपरावा अवशेषों को बुद्ध के संदे. ेश के जीवंत प्रमाण बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन तेजी से खंडित होती दुनिया में शांति, सहअस्तित्व और नैतिक स्पष्टता के लिए एक व्यावहारिक और मानवीय ढांचा प्रदान करता है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेष धम्म के प्रतीकात्मक स्वरूप के रूप में कार्य करते हैं, जो महात्मा बुद्ध की जीवंत उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं दोनों को समाहित करते हैं। अवशेषों की उपासना से स्तूपों और चैत्यों के माध्यम से बौद्ध धर्म के पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि असल दार्शनिक मूल्यों से समझौता किए बिना आदिबुद्ध अवधारणाओं और मातृ-देवी प्रतीकों जैसे स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों को भी समाहित किया है।

# भाजपा का उमर खालिद शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद से देश के टुकड़े टुकड़े गैंग में दुख का माहौल है। पूनावाला ने कहा कि आज शीर्ष अदालत का एक निर्णय आया है, जिसके बाद देश के टुकड़े-टुकड़े गैंग को बड़ा दुख और दर्द महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सिर्फ कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम से नहीं, बल्कि विदेश से भी बहुत सारे पत्र और संवेदनाएं प्रकट हो रही थी। आज उन दोनों आरोपियों को उच्चतम न्यायालय ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत को नामंजूर कर दिया है। पूनावाला ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि जिस प्रकार का अपराध उन्होंने किया है, आतंकवाद और दिल्ली को जलाने के जो भी आरोप उन पर लगाए गए हैं, वो प्रथम दृष्टया सही साबित होते हैं।

# एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विक. सित भारत की यात्रा की रीढ़ हैं।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में संगठन के निरंतर योगदान की सराहना की। कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस



शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विक. सित भारत की यात्रा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर आधारित है जिसे कुशल, अनुशासित और सेवा-भाव से प्रेरित युवा शक्ति आगे बढ़ाएगी, और इस दिशा में एनसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उप्र में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लिखी पाती

# साइबर ठगी को लेकर जनता को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। 'योगी की पाती' के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बताया कि मोबा. इल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने थे, जबकि अब प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि पीड़ितों



**कहा: मोबाइल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, पर ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े**

को तुरंत सहायता मिल सके। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी को लेकर खास चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के जरिए न तो किसी को गिरफ्तार करती है और न ही पैसे की मांग करती है। ऐसे कॉल या मैसेज आने पर लोग तुरंत सतर्क हो जाएं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या लोकेशन साझा करने से अपराधी आपके बारे में जानकारी जुटा लेते हैं और उसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इसलिए किसी के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगे गए पैसे की वापसी की संभावना बढ़ जाती है। योगी ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों, खासकर बुजुर्गों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता से ही सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी का संपूर्ण जीवन सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित रहा।

### सीएम का कार्यकल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' से जोड़कर जीवन भर उसे सार्थक किया। उन्होंने जनहित, कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में जो मजबूत नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है। कल्याण सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि रामभक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। योगी ने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और निर्णय क्षमता आज भी जनसेवा से जुड़े लोगों को मार्ग दिखाती है।



**सेंसेक्स** 85762.01
**निफ्टी** 26328.55



**सोना रु.** 134415
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234906
प्रति किलो




# शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50 आईटी सेक्टर पर बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। दिन भरे चले उतार.चढ़ाव के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 26,373.20 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) नीचे 85,439. 62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में



भी गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और अल्ट्रटेक सीमेंट में डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा बढ़त रही। एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है, जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं। पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गई थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जाएगी। दिसम्बर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बोला गया।

आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट



बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विटंल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन: दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3303.86 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17623.86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उमर खालिद...**

या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि हालांकि संवैधानिक न्यायालयों के पास न्यायिक जांच की शक्ति बनी हुई है, पर यह जांच यूएपीए की निर्धारित सीमाओं के भीतर ही संचालित होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने देखा कि यूएपीए की धारा 15 के तहत 'आतंकवादी कार्य' की परिभाषा बम या पारंपरिक हथियारों के उपयोग तक सीमित नहीं है। संसद ने राज्य की सुरक्षा को धमकी देने या आतंकवादी हमला करने के इरादे से 'किसी अन्य माध्यम से' किए गए कार्यों को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसमें नागरिक जीवन को बाधित करने या सामान्य आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं। इन सिद्धांतों को लागू करते हुए पीठ ने माना कि उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले में दूसरे आरोपियों से 'अलग स्थिति' में थे। उसने पाया कि इस चरण में रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत कानूनी रोक लगाने के लिए काफी थे, जिसने उन्हें जमानत के लिए अयोग्य बना दिया। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि विशेष कानूनों के तहत आने वाले मामलों में समानता को बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि जमानत मंजूर करने के लिए हर आरोपी की भूमिका का अलग-अलग आकलन जरूरी है। यह भी कहा कि खास आरोपों की जांच किए बिना सभी आरोपियों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से कानूनी ढांचा कमजोर होगा। यह मानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना गंभीर चिता का विषय है, न्यायालय ने कहा कि जहां प्रथम दृष्ट्या अभियोजन सामग्री यूएपीए के तहत अपराध का खुलासा करती है, वहां अदालतें विधाई आदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इसी के तहत उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। फैसला 10 दिसम्बर को सुरक्षित रख लिया गया था। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए। उन्होंने यह तर्क देते हुए जमानत याचिकाओं का विरोध किया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा सीएए के खिलाफ अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि अशांति भड़काने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उमर खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया था कि मौजूदा रफ्तार से खालिद बिना मुकदमे के कई सालों तक जेल में रह सकता है। सह-आरा. ेपी गुलफिशा फातिमा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस के एक साथ मिलकर 'सत्ता बदलने' की साजिश के दावे पर सवाल उठाया था कि आरोप पत्र में ये आरोप नहीं हैं। यूएपीए के तहत मामला दर्ज किए गए सभी पांच आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ सितम्बर के उस आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें उन्हें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि 'विरोध के नाम पर हिंसा स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति नहीं है।' यह मामला 2020 में सीएए के विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पत्थरबाजी, आगजनी और झड़पें हुईं, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# वेनेजुएला मामले में चुप्पी पर की केंद्र की आलोचना

**नई दिल्ली, वार्ता**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वेनेजुएला घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के रुख की सोमवार को आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' तथा 'अमेरिकी समर्थक' करार दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया है और अमे. रिकी सैनिक उन्हें अमेरिका लेकर गए हैं। माकपा ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का त्याग करने का आरोप लगाया है। माकपा पोलित ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में सोमवार को कहा गया कि विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया (जिसमें केवल 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और बातचीत का आह्वान किया गया) भारत के पारंपरिक विदेश नीति सिद्धांतों से बहुत कमतर है। पार्टी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और



**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी सरकार को शर्मनाक तथा अमेरिकी समर्थक करार दिया**

अंतर्राष्ट्रीय कानून के घोर उल्लंघन के बारे में निंदा का एक भी शब्द नहीं कहा गया है। माकपा ने कहा है कि अमेरिका के कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने भी अमेरिकी कार्रवाई की खुले तौर पर आलोचना की है। अमेरिकी अभियान को 'खुला हमला' बताते हुए, वामपंथी पार्टी ने केंद्र सरकार पर एक ऐसा रुख अपनाने का आरोप लगाया जो 'कायरतापूर्ण और राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विपरीत' है। बयान में कहा गया है, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया भारत के ब्रिक्स के् साझेदारों जैसे ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा अपनाए गए रुख के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अमेरिकी आक्रामकता की स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से निंदा की है और राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की रिहाई की मांग की है। माकपा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की धीमी प्रतिक्रिया भाजपा सरकार के वैचारिक जुड़ाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक निकटता को दर्शाती है।

माकपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह अमेरिका समर्थक रुख मोदी सरकार की दक्षिणपंथी विचारधारा और ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक संबंधों के अनुरूप है। ऐसा रुख अपनाकर भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के हितों का प्रतिनिधित्व करने का कोई भी दावा छोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास में अभियान चलाकर राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिका और उसके बाहर भी तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं, कई देशों और समूहों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर नतीजों की चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय द्वारा सप्ताहांत में जारी भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया में अमे. रिका की निदा नहीं की गई, बल्कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संयम और बातचीत का आग्रह किया गया।

इस रुख की आलोचना न केवल माकपा बल्कि अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी की है और सवाल उठाया है कि क्या भारत अपनी पारंपरिक गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति से दूर जा रहा है। माकपा ने कहा कि माकपा मांग करती है कि मोदी सरकार इस शर्मनाक रुख को छोड़े और वेनेजुएला में अमेरिकी आक्रामकता और अवैध कृत्यों के खिलाफ खुलकर सामने आए। माकपा ने केंद्र सरकार से संप्रभुता, अहस्तक्षेप और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से बनाए रखने का आह्वान किया है।

# कपड़े की दुकान में लगी आग

## लाखों का सामान जला, दुकानदार ने मालिक पर आग लगाने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चांदनी मार्केट में स्थित एक कपड़े की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार ने दुकान मालिक पर आग लगाने का आरोप लगाया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

मौहल्ला मिर्दगान निवासी मुजम्मिल की कपड़े की दुकान घंटाघर के पास चांदनी मार्केट में है। वह कई सालों से यहां कपड़े का व्यवसाय कर रहे हैं। मुजम्मिल ने बताया कि दुकान खाली करने को लेकर उनका पिछले पांच साल से मामला चल रहा था और उन्हें सोमवार दोपहर को दुकान खाली करनी थी।

बताया जा रहा है कि देर रात दुकान में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही देर में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकानदार मुजम्मिल ने दुकान मालिक पर ताले तोड़कर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रचलित है।

# बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने मुख्य बिंदुओं पर जिलाधिकारी से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि प्राइवेट हॉस्पिटल में एंबुलेंस चालकों द्वारा कमीशन लेकर भर्ती कराकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। अधूरे मानकों के साथ हॉस्पिटल चलाए जा रहे हैं तथा अनुभवहीन डॉक्टर हॉस्पिटल में बैठकर मरीजों को गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य लाभ नहीं दे पा रहे हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल में बिना रेडियोलॉजिस्ट द्वारा अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं तथा कन्या भ्रूण लिंग की जांच की जा रही है। बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से उचित कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन देने वाले पदाधिकारी अरुण कुमार उर्फ रोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजीव जड़ोदिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जसराम प्रधान मंडल अध्यक्ष, विकास कुमार मंडल उपाध्यक्ष, वीपी पूर्व नगीना विधानसभा प्रभारी, भूरे चमार मंडल महासचिव, हाजी मौहम्मद साजिद, रुमित युवा जिला अध्यक्ष, तोशक, भोलू, सरवन, राज कुमार, फूल सिंह, अक्की, जोनी व समस्त बहुजन पैंथर कार्यकर्ता मौजूद थे।

### फर्जी डॉक्टर प्रकरण

# चिकित्सक निलंबित खत्म होगी संविदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मेडिकल अस्पताल में फर्जी डॉक्टर पकड़े जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार मेडिकल अस्पताल के कक्ष नंबर 25 में टीबी एवं छाती विभाग की ओपीडी संचालित होती है। इसके प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तुषार सिंह हैं। उनकी अनुपस्थिति में एक अंजान व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। वीडियो में वह चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर मरीजों को दवाई लिखता मिला। वह मरीजों को काफी समय से एक जैसी ही दवा लिख रहा था। फार्मासिस्ट को शक होने पर पुष्टि करने के लिए डॉ. तुषार सिंह के कक्ष में पहुंचे। यहां फर्जी डॉक्टर दिनेश मरीजों को दवाई लिख रहा था, जबकि पर्चे पर मुहर डॉ. तुषार सिंह की थी। वीडियो वायरल होने के बाद प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने प्रकरण में संज्ञान लिया। उन्होंने जांच पूरी होने तक डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। फर्जी डॉक्टर प्रकरण की जांच के लिए दो अलग-अलग कमेटी गठित की गई हैं। इसके लिए अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फर्जी डॉक्टर दिनेश कब से ओपीडी में मरीजों को दवाई लिख रहा था, सीसीटीवी फुटेज से इसकी पुष्टि की जाएगी। डॉ. तुषार सिंह ने शुक्रवार ने खुद को इमरजेंसी में बताया था। इसकी और अन्य बिंदुओं की जांच के लिए अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कक्ष में कुर्सी पर बैठकर मरीजों को दवाई लिखने का वीडियो वायरल हुआ। पर्चे पर डॉ. तुषार की मुहर थी। वीडियो का संज्ञान लेते हुए डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर संविदा समाप्त की जाएगी। कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम और सीएमओ को भी भेज दी गई है।

# सपा प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

## एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी और एएसडी सूची में खामियों पर जताई चिंता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं एवं एएसडी सूची से जुड़ी व्यापक खामियों को विस्तारपूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल में सतपाल सिंह, नसीम प्रधान, अखलाक पप्पू एवं अहमद खिजर खान भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व ही बीएलओ के पास त्रुटिपूर्ण सूचियां भेजी जा रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में जीवित मतदाताओं को मृतक दर्शा दिया गया है। इसके अतिरिक्त बताया गया कि शादी के बाद अपने ससुराल क्षेत्र में निवास कर रहीं महिलाओं को गलत तरीके से "बेटी" दर्शाकर, यहां से शादी हो जाने का आधार बनाते हुए एएसडी सूची में शामिल किया जा रहा है, जिससे उनके मताधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है।

नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक है और इससे आम नागरिकों का चुनावी प्रक्रिया से विश्वास उठ सकता है। वहीं जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि यदि समय रहते इन त्रुटियों का सुधार नहीं किया गया, तो बड़ी संख्या में पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो सकते हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि एएसडी सूची की पुन: गहन जांच कराई जाए। बीएलओ द्वारा की गई गलत प्रविष्टियों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से बाहर न रहे। इस पर जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में सूची से न हटने पाएं। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर से लेकर जनस्तर तक निरंतर निगरानी और संघर्ष जारी रखेगी।

# तालाब का सौंदर्यकरण व कुलदेवता की भूमि का समतलीकरण कराने की गुहार

### कालोनाइजर द्वारा भूमि कब्जाने का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** खटीक समाज के लोगों ने राष्ट्रीय एससी/एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार के समक्ष ग्राम भनेड़ा स्थित खटीक समाज के कुलदेवता स्थल और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल का मामला जिसमें कालोनाइजर द्वारा 38 बीघा भूमि के स्थान पर 51बीघा भूमि कब्जाने का मामला उठाया।

आज ग्राम भनेड़ा में राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार एक कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया एवं युवा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर छलेरिया खटीक, रामकुमार खटीक, चिरंजी खटीक, फूल सिंह खटीक, सुभाष खटीक, नरेश कुमार खटीक, मनोज खटीक राकेश खटीक, मोहित खटीक, शुभम खटीक, राजेश कुमार, उज्जवल खटीक आदि ने उन्हें एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमे कहा गया कि ग्राम भनेड़ा में गाटा संख्या 98 में बिजनौर के ग्राम जंदरपुर निवासी मौ. शाहिद नाम का आदमी अवैध रूप से कालोनी विकसित कर रहा है। आरोप है कि कालोनाइजर ने 38 बीघा भूमि रोड सहित का बैनामा कराया। और मौके पर पड़ी 51 बीघा भूमि पर कब्जा कर रहा है। जिसमे 98 ख ग्राम समाज तालाब जो हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल है और चार बीघा भूमि खटीक समाज के कुलदेवता स्थल की भूमि को अवैध रूप से कब्जाने बेचने का कार्य कर रहा है, जिसका उसे कोई अधिकार नही है। खटीक समाज के लोगों ने राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार से उक्त मामले में न्याय दिलाने और कालोनाइजर द्वारा कुलदेवता स्थल और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल की भूमि को बचाने की मांग करते हुए तालाब का सौंदर्यकरण और कुलदेवता की भूमि का समतलीकरण कराने की गुहार लगाई।

एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार ने वहां मौजूद नायब तहसीलदार अतुल भगत से प्राथमिकता के आधार पर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# गुलदार के छह शावक दिखने से ग्रामीणों में खौफ

**कालागढ़।** खेतों में लगातार कई दिनों से गुलदार व उसके साथ छह शावक नजर आ रहे है। कहीं-कहीं लेपर्ड भी देखा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

ग्राम भिक्कावाला में एक कार्यक्रम में मैती आंदोलन के डॉ. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि पहले किसान बंदरों से परेशान थे, लेकिन अब लेपर्ड और गुलदार दिखाई देने से किसान परेशान है। कहीं पर भालू का खौफ सता रहा है। किसानों को अपने खेत में वन्यजीवों से हुए नुकसान का राजस्व व मुआवजा भी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों के प्रति वन विभाग के अधिकारियों में गुलदार, लेपर्ड को शीघ्र पकड़वाने की कोई रूचि नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार किसानों को फसलों के मुआवजे की धनराशि तुरन्त दी जाए। किसान लम्बे समय से वन्यजीवों से निजात दिलाने की मांग करते चले आ रहें है। लेकिन शासन से लेकर प्रशासन में बैठे लोग जनता के हुए नुकसान की भरपाई नहीं करा पाते है। शिकायत करने पर टालमटोल करते रहते है और किसानों को मुआवजे से ज्यादा जेब से खर्च करना पड़ जाता है। उसके बावजूद न ही वन्यजीवों से राहत मिलती है न ही उनकी फसलों का मुआवजा मिल पाता है।

# अन्नदाता किसान यूनियन का इलाहाबाद में अधिवेशन आठ को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** अन्नदाता किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष उबैद मलिक के मौहल्ला भुड्डी स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि अन्नदाता किसान यूनियन देश के अनेक हिस्सों में किसानों के हितों की मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। इसी क्रम में 8 जनवरी को इलाहाबाद में अन्नदाता किसान यूनियन का एक भव्य महान अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अधिवेशन में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

उबैद मलिक ने स्पष्ट किया कि अधिवेशन में जाने के लिए किसी से भी रेल किराया या अन्य कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिवेशन की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी जी-जान से मेहनत कर रहे हैं। किसानों में उनकी एक आवाज पर एकजुटता देखने को मिलती है और उन्हें प्रदेश के किसानों का मसीहा माना जाता है। आलमगीर उस्मानी का दो टूक कहना है कि किसानों का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे शीघ्र ही बिजनौर दौरे पर भी आने वाले हैं।

इस अवसर पर यूनियन की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता श्रीमती फरहा नाज ने कहा कि अन्नदाता किसान यूनियन में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन न केवल किसानों बल्कि दबे-कुचले, वंचित और निर्दोष लोगों के हितों के लिए भी हर समय तैयार है।

वहीं यूनियन के नगर अध्यक्ष सलमान खान ने भी 8 जनवरी को इलाहाबाद में होने वाले अधिवेशन में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर होगी कार्रवाई

**नहटौर।** थाना क्षेत्र के गांव बाघला निवासी गुड्डो परवीन पत्नी मौ. गौरी ने बताया कि वह अपने पति के साथ नहटौर बाजार में ज्वेलर्स की दुकान में किसी कार्य से आई थी। दुकान में उसने अपना सोने का मंगलसूत्र निकाल कर अपने पर्स में रखा था। तभी वह अपने पति के साथ दुकान से बाहर आई जबकि उसका पर्स दुकान में ही रखा रह गया। उसी दौरान दुकान में बैठी दो महिलाएं उसका पर्स उठाकर चली गई। इस मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# आईएएस चयन के बाद जुलाई में तबादला

## फिर किसके हस्ताक्षर से हुआ नवंबर में 12.50 लाख का भुगतान

**अभिषेक गुप्ता**

**जिला पंचायत राज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल**

**धामपुर।** धामपुर ब्लॉक में बिना जॉइनिंग किए ही एक कर्मचारी को साढ़े बारह लाख रुपये से अधिक का भुगतान किए जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी और मंडलायुक्त स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर अब यह मामला मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंच गया है। प्रकरण सामने आने के बाद जिला पंचायत राज विभाग की कार्यप्रणाली और भुगतान प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं।

मामले के अनुसार, पूर्व में तैनात अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा का अप्रैल माह में आईएएस में चयन होने के बाद जुलाई माह में कार्यमुक्त होकर स्थानांतरण हो गया था, उधर पिछले 4 साल से बिना जॉइनिंग करें ही लाखों रुपए का भुगतान करने का मामला इन दिनों सुर्खियां बने हुए हैं।

सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2021 में जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सफाई कर्मचारी प्रदीप कुमार को निलंबित किया गया था। निलंबन के दौरान उसका स्थानांतरण धामपुर ब्लॉक कर दिया गया। लेकिन प्रदीप कुमार ने धामपुर ब्लॉक में कभी कार्यभार ग्रहण ही नहीं किया। मगर उसके बावजूद अगस्त माह में लगभग आठ लाख तथा नवंबर माह में करीब चार लाख पचास हजार रुपये का भुगतान आहरित किए जाने की जानकारी सामने आई।

अब यह मामला उजागर होने पर मौजूद अधिकारी पूर्व में तैनात रहे अधिकारी पर भुगतान करने का आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब अधिकारी जुलाई में ही जनपद से कार्यमुक्त हो चुकी थीं, तो उसके बाद इस तरह के भारी भुगतान किस आदेश, किस संस्तुति और किसके हस्ताक्षर से किए गए।

इस संबंध में किरतपुर ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मचारी नरेंद्र कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उच्च अधिकारियों को भेजे गए शिकायत पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उक्त भुगतान नियमों के विपरीत है और इसमें वित्तीय अनियमितता की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

लगातार शिकायतों के बावजूद विभागीय स्तर पर किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई न होने से असंतोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी मांगने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### आठ लाख का भुगतान दमनप्रीत अरोड़ा ने किया, 4.50 लाख भुगतान पर चुप्पी?

**धामपुर।** जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने बताया कि अगस्त माह में किए गए आठ लाख रुपये के भुगतान पूर्व में तैनात अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा के द्वारा कराए गए थे। वहीं नवंबर माह में किसकी सहमति से चार लाख पचास हजार रुपये के भुगतान किया गया। इस बाबत उन्होंने बताया कि संबंधित पत्रावली की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल 4.50 लाख के भुगतान पर उन्होंने कोई सतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### 17 वर्षों से ईश्वर चंद की तैनाती गांव में, ड्यूटी विकास भवन में

**धामपुर।** शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में एक और चौंकाने वाला आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ईश्वर चंद, जिनकी तैनाती ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर देवमल में दर्शाई गई है, वह वहां एक दिन भी कार्य करने नहीं गए। आरोप है कि पिछले 17 वर्षों से ईश्वर चंद विकास भवन में ही जमे हुए हैं, जबकि कागजों में उनकी तैनाती गांव में दर्ज है। जब ईश्वर चंद अपनी ड्यूटी पर ही नहीं गए तो उनका वेतन किस आधार पर निकल रहा है, इसकी जांच करने को कोई तैयार नहीं है। उधर पंचायत स्तर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और सरकारी व्यवस्था की गंभीर अनदेखी उजागर हो रही है। शिकायतकर्ता ने इस मामले की भी जांच कर वास्तविक तैनाती और भुगतान की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र के कस्बा झालू स्थित मौहल्ला चौधरीयान में एक व्यक्ति का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रामचंद्र के पुत्र रामेंद्र उर्फ मुन्नू (50 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रामेंद्र घर में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी का कई साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया था, जबकि उनके दोनों बेटे बाहर नौकरी करते हैं। पड़ोसियों ने जब रामेंद्र के घर से कोई हलचल नहीं देखी, तो उन्होंने अंदर झांककर देखा। रामेंद्र उन्हें मृत अवस्था में मिले। जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### परिवार पर जानलेवा हमला

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा साहूवाला गोसाईवाला की पुष्पा देवी पत्नी नरेश कुमार ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि रविवार को घर के ही सामने रहने वाले बाबू, रितिक, निखिल और बिंटू ने बिना किसी कारण उसके पुत्र दिवाकर को रास्ते में रोककर गाली-गलौज कर हाथापाई व मारपीट शुरू कर दी। सभी के हाथों में धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) व लाठी-डंडे थे। बचाव में आए दीपांशु, गगन व पुष्पा देवी को भी जमकर मारा पीटा। मारपीट में हाथ व सिर में गंभीर चोट आई और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर कुमार शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

### चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 4 जनवरी को नावेद अहमद पुत्र नसीम अहमद, निवासी मनिहारी सराय पहाड़ी दरवाजा द्वारा तहरीर दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि आरोपी गफ्फार पुत्र नसीम अख्तर, निवासी मोहल्ला शाहदान कस्बा व थाना धामपुर, जनपद बिजनौर ने वादी की गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें लगा कार स्टीरियो (म्यूजिक सिस्टम) चोरी कर लिया। मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी गफ्फार को चोरी किए गए स्टीरियो सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गफ्फार का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाना स्योहारा एवं थाना धामपुर में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### कवि दुष्यंत कुमार सभागार का शुभारम्भ



**बिजनौर।** तहसील नजीबाबाद में नवनिर्मित कवि दुष्यंत कुमार सभागार का फीता काटकर शुभारम्भ जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा किया गया तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त कुल-23 शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित कर दिया गया है। खराब जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की दो, विकास की एक अन्य चार कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई। दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभागार के शुभारंभ पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह की जयंती मनाई। इस अवसर पर चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी के न्यू लक्ष्मी नगर स्थित आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि स्व. कल्याण सिंह अपने लंबे राजनीतिक जीवन में हमेशा सुर्खियों में रहे। वह राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी रहे। राज्यपाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सितंबर 2019 में वह लखनऊ लौटकर भारतीय जनता पार्टी में पुन: शामिल हो गए थे। कल्याण सिंह का जन्म पांच जनवरी 1932 को अलीगढ़ जिले के मंडोली ग्राम में तेजपाल सिंह लोधी और श्रीमती सीता देवी के घर हुआ था। उन्होंने स्नातक और साहित्य रत्न एलटी की शिक्षा प्राप्त की। शुरुआती दौर में वह अपने गृह क्षेत्र में अध्यापक रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में कदम रखा और बाद में जनसंघ की राजनीति में सक्रिय हुए। वह पहली बार 1967 में जनसंघ के टिकट पर अलीगढ़ जिले की अतरौली सीट से विधानसभा सदस्य चुने गए। इसके बाद वह 2002 तक लगातार दस बार विधायक बने। आपातकाल के दौरान उन्हें 20 माह जेल में रहना पड़ा। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। आपातकाल में 20 माह की जेल काटने के बाद, कल्याण सिंह 1977 में मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। 1990 के दशक में वे राम मंदिर आंदोलन के नायक के रूप में उभरे। 1991 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा गया और जून 1991 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी विध्वंस मामले के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अधिकारियों को सही काम करने की छूट दी और नकल विहीन परीक्षा कराना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# चांदपुर में भाकियू का जोरदार प्रदर्शन

## तहसीलदार पर अनुमति के बावजूद ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गांव चेहला कब्रिस्तान में मिट्टी भराव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कथित तौर पर आनलाइन अनुमति के बावजूद तहसीलदार द्वारा सीज किए जाने के विरोध में किया गया।

किसानों और भाकियू चढूनी का आरोप है कि 1 जनवरी को चांदपुर तहसील के गांव चेहला स्थित कब्रिस्तान में मिट्टी भराव का कार्य ऑनलाइन अनुमति लेने के बाद शुरू किया गया था। इस दौरान पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी भरी जा रही थी और एक जेसीबी से पेड़ों की जड़ें उखाड़ी जा रही थीं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में तहसीलदार को पहले ही जानकारी दे दी थी। किसानों का आरोप है कि तहसील प्रशासन ने पहले तो भराव कार्य कराने की मौखिक सहमति दी, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ, तहसीलदार ने एक जेसीबी और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर थाने के बाहर खड़ा करवा दिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों और किसानों में भारी रोष फैल गया। इस कार्रवाई के विरोध में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण तहसील प्रांगण में धरने पर बैठ गए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक सीज की गई जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़ा नहीं जाता और कब्रिस्तान का मिट्टी भराव कार्य पूरा नहीं कराया जाता, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

धरने के दौरान तहसीलदार तथा लेखपाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर भारी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के युवा जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी ने धरनास्थल पर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव चेहला के कब्रिस्तान में गांव का पानी भर जाता है, जिससे कब्रों की बेहुरमति हो रही थी। इसके लिए भराव की सहमति बनी। आनलाइन अनुमति ली गई। आनलाइन अनुमति के बाद तहसीलदार चांदपुर के पास गए तो उन्होंने कहा थाने में इसे दिखा दो, आनलाइन अनुमति थाने में जमा कर दी।

# एसआईआर के बाद जनपद में मतदाताओं की स्थिति

आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 तक विधानसभावार मतदाताओं का विवरण

| विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या व नाम | मतदेय स्थलों की संख्या | पुरुष | महिला | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 17-नजीबाबाद | 382 | 164464 | 137254 | 10 | 301728 |
| 18-नगीना(अ0जा0) | 401 | 164364 | 135798 | 7 | 300169 |
| 19-बढ़ापुर | 420 | 172225 | 140757 | 5 | 312987 |
| 20-धामपुर | 333 | 140967 | 116942 | 15 | 257924 |
| 21-नहटौर(अ0जा0) | 364 | 147462 | 124021 | 3 | 271486 |
| 22-बिजनौर | 426 | 170151 | 143402 | 2 | 313555 |
| 23-चांदपुर | 383 | 155159 | 128550 | 12 | 283721 |
| 24-नूरपुर | 383 | 154485 | 127097 | 8 | 281590 |
| कुल | 3092 | 1269277 | 1053821 | 62 | 2323160 |

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख प्रकाशन छह जनवरी को जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में सम्बंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रत्येक पदाभिहित स्थलों एवं मतदेय स्थलों पर सम्बंधित पदाभिहित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उक्त स्थलों पर आलेख मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी तथा जनपद में आलेख्य प्रकाशन के दौरान मतदेय स्थल एवं विधानसभावार मतदाताओं का विवरण निम्नानुसार है। जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि वे आलेख प्रकाशन दिवस छह जनवरी को प्रकाशित होने वाले आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। दावे और आपत्तियां छह जनवरी से छह फरवरी तक प्राप्त की जाएंगी तथा उनका निस्तारण 27 फरवरी तक किए जाने हेतु आयोग द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है। यह जानकारी वान्या सिंह अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।

### दावे और आपत्तियां छह फरवरी तक

## एक नजर

### बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चौधरी भीम सिंह तथा संचालन बृजपाल सिंह ने किया। बैठक में किसानों ने कहा कि निराश्रित पशु, नीलगाय, माहे आदि फसल को बर्बाद कर रहे हैं। इनसे निजात दिलाई जाए। वहीं ग्रामों में स्थित तालाबों की सफाई करायी जाए। गुलदारों से निजात दिलाई जाए। किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाए। गन्ने का भुगतान नियमानुसार 14 दिन के अन्दर किया जाए। बिलाई मिल से किसानों को मैली जल्द दिलाई जाए सहित किसानों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन बीडीओ कुणाल रस्तौगी को सौंपा। इस अवसर पर सुजान सिंह, महेंद्र सिंह, ठाकुर नरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, गोविंद सिंह उर्फ बिट्टू, हितेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप राणा, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### वार्षिक मेले व भंडारे का आयोजन



**रेहड़।** क्षेत्र के ग्राम जाब्तानगर उर्फ अठवारियोवाला में सोमवार को बाबा मढ़ी वालों के स्थान पर एक दिवसीय वार्षिक मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने फीता काटकर किया। पूर्व भाकियू सामाजिक के जिला प्रभारी ज्ञानचंद प्रजापति ने अपने हाथों से बनाई गई मढ़ी वाले बाबा और शंकर भगवान की मूर्तियों की गांव में शोभायात्रा निकाली। इसके बाद दोनों मूर्तियों को मंदिर में ले जाकर रख दिया गया। परंपरा के अनुसार एक माह बाद मंदिर में रखी गई मूर्तियों को विसर्जित कर दिया जाता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज चौहान ने बताया कि ग्राम से बाहर जंगल में सिद्ध निराकार बाबा मढ़ी वालों का प्राचीन स्थान है। जहां प्रत्येक वर्ष माघ माह की अंधेरी दोयज को एक दिवसीय वार्षिक मेले व विशाल भंडारे का आयोजन होता है। यहां आने वाले सभी धर्मों के श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मेले के दौरान सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंचे और मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर सुख शांति की कामना की।

### मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम



**चांदपुर।** मौहल्ला इमामबाड़ा अंसारियान/ मुफ्तीसराय में हुई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मौहम्मद आसिफ समाजवादी पार्टी (लोहिया वहिनी) के राष्ट्रीय सचिव, जिला उपाध्यक्ष यूनुस ताऊ ने बूथ लेवल एजेंटों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समाजवादी पार्टी की ओर से प्रतिनिधि के रूप में मौहम्मद आसिफ राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी (लोहिया वाहिनी) ने सहभागिता की। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों की जांच कर आवश्यक संशोधन समय रहते कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है। आसिफ असलम के द्वारा नागरिकों को इस ओर जागरूक करने की पहल पर उनकी प्रशंसा की जा रही है।

## एक नजर

### डीएम ने की पूजा-अर्चना



**नजीबाबाद।** ग्राम पदारथपुर पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गांव के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री काली माता मंदिर पर माता काली के दर्शन किए गए और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पंडित विनय कौशिक शुक्ला निवासी गीता नगरी द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कार्यक्रम संपन्न कराया गया। बताते चलें कि ग्राम पदारथपुर में श्री मां कथकली मंदिर बहुत ही प्राचीन काल से है। मंदिर पर पहुंचकर श्रद्धालु जो मन्नत मांगते हैं, वह पूर्ण हो जाती है। जिलाधिकारी के मंदिर पहुंचने के दौरान एसडीएम शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, ग्राम प्रधान श्रीमती किरण देवी, ग्राम प्रधान पति विपिन कुमार, मंदिर पुजारी सद्गुरु सुभाष कुमार अग्रवाल, छत्रपाल सिंह, अर्जुन सिंह, जगत सिंह व विजय सिंह मौजूद रहे।

### डीएफओ कार्यालय पर धरना जारी



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का यहां स्थित डीएफओ कार्यालय पर सोमवार को आठवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसान वन विभाग पर भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण का आरोप लगा रहे हैं। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार 'गुड्डू' ने किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला रखा है और किसानों का शोषण कर रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को उनकी राजस्व में दर्ज भूमि वापस दिलाई जाए और भ्रष्टाचार को तत्काल समाप्त किया जाए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो जल्द ही वन विभाग में तालाबंदी की जाएगी। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंडल सचिव जय सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, जिला महासचिव नरदेव सिंह, गजेंद्र मलिक, डॉ. शरीफ, दीपू, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, पप्पू भाई, ज्ञान सिंह, प्रमोद, विजेंद्र सिंह, विनीत, शगुन, मुकुल, राजेंद्र सिंह, शीशराम, यूसुफ, साजिद, अयूब और पवन सहित कई किसान नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैंसर से लड़ाई में आम आदमी अकेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्योहारा।** कैंसर पीड़ित मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। महंगे इलाज की वजह से समय पर जांच की कमी और सरकारी योजनाओं का लाभ जमीन पर न पहुंच पाने के कारण आम आदमी इस जानलेवा बीमारी से लगभग अकेले ही जूझने को मजबूर है।

नगर निवासी खलीक चौधरी ने कैंसर पीड़ितों की बढ़ती समस्याओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह गई हैं। जमीनी हकीकत यह है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार इलाज का खर्च उठाने में पूरी तरह असमर्थ हो रहे हैं। खलीक चौधरी ने मांग की कि कैंसर जैसे गंभीर रोग के लिए सरकार को विशेष सहायता कोष नि:शुल्क और सुलभ इलाज तथा सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान मरीज और उसके परिवार को आर्थिक मानसिक और सामाजिक तीनों स्तरों पर भारी संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि कैंसर से लड़ाई केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समय पर जांच, सस्ते इलाज और व्यापक जागरूकता अभियान के माध्यम से इस बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जांच सुविधाओं का अभाव मरीजों की जान पर भारी पड़ रहा है।

खलीक चौधरी ने सरकार से अपील की कि कैंसर पीड़ितों के लिए स्थायी और ठोस नीति बनाई जाए ताकि कोई भी मरीज सिर्फ पैसों के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। जब तक सरकार जमीनी स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाएगी, तब तक आम आदमी की यह लड़ाई और भी कठिन होती चली जाएगी।

### शीतलहर के चलते 8वीं तक के स्कूल बंद

**बिजनौर।** बढ़ती ठंड और शीतलहर के कारण छह जनवरी को प्राइमरी से आठवीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिले में पिछले कई दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। अत्यधिक ठंड के कारण लोगों को घरों में ही रहना पड़ रहा है। बच्चों को विशेष रूप से ठंड से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड, शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए छह जनवरी को प्राइमरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।


सभी को नववर्ष 2026 की
हार्दिक बधाई



महेन्द्र सिंह सैनी
कृष्णा बैंक्वेट हॉल
धामपुर रोड, नगीना

नववर्ष 2026 की सभी को





हार्दिक बधाई
विनीत चौधरी
ग्राम गांवड़ी, नगीना

नववर्ष 2026 की बधाई



शीतल कुमारी
संभावित प्रत्याशी
नगीना विधानसभा



आरिफ मलिक
प्रदेश सचिव
आजाद समाज पार्टी

सभी को नववर्ष 2026 की
दिली मुबारकबाद



अफजल अहमद अंसारी
पूर्व प्रधान- ग्राम शेखपुरा तुर्क गनी
निहारी ढ़ाबा-अकबराबाद चौक
रायपुर रोड, नगीना

नववर्ष की सभी नागरिकों को
हार्दिक बधाई



मौहम्मद असलम
नगराध्यक्ष- आजाद समाज पाटी, नगीना
सभासद- वार्ड नं. 20, पालिका नगीना
मो.नं.- 9897924809

सभी को नववर्ष 2026 की
हार्दिक बधाई



तिलकराज
जिलाध्यक्ष-सनातन गौरक्षा वाहिनी,
संगठन मंत्री- प्रबंधक समिति
पंजाबी महावीर मंदिर सैयदबाड़ा
सैक्टर संयोजक - नगर मंडल भाजपा, नगीना

सभी को नववर्ष 2026 की बधाई
तुलाराम गोविंदम रेस्टोरेंट
( पहचान प्राचीन, सुविधाएं नवीन )
निकट रेलवे स्टेशन, नगीना

शुद्ध शाकाहारी एवं पूरी तरह से वातानुकूलित फैमिली रेस्टोरेंट

यात्रियों व नगरवासियों के लिए क्वालिटी स्वीट्स एवं स्नैक्स, स्वादिष्ट ताजा ब्रेकफास्ट, लंच व डिनर

नगीना रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के पास अनुभवी शेफ व प्रोफेशनल सर्विस स्टाफ और अत्याधुनिक फूड पैकिंग सुविधाएं उचित दाम पर उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्र-7599001000


**कार्यालय ग्राम पंचायत खानपुर खादर, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत खानपुर खादर में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त अभिषरण योजना की धनराशि से ग्राम खानपुर खादर में मुख्य सड़क से थामरी के घर तक सीसी-नाली निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत , ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतू पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 12/01/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 10/01/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री धीरज झा पुत्र श्री वैद्यनाथ झा मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती वीरवती पत्नी श्री करण सिंह** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामे व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **जाब्तागंज** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री नईम अहमद पुत्र श्री नसीर अहमद मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री शमशाद अहमद पुत्र श्री मौ. यासीन** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामे व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **मकबरा** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

## जेब से नकदी व बाइक गायब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम इनामपुरा नहर की पुलिया के पास देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब युवक बिलाई चीनी मिल से ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर निवासी अरुण कुमार बिलाई चीनी मिल में कर्मचारी है। परिजनों के अनुसार वह रविवार रात करीब दस बजे मिल से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जैसे ही वह इनामपुरा नहर की पुलिया के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अरुण सड़क पर गिर गया और काफी देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि होश में आने पर उसकी बाइक मौके से गायब थी, जबकि उसकी जेब में रखी लगभग दो हजार रुपए की नकदी भी नहीं मिली। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारे में कार्यक्रम

## नगर कीर्तन में योगदान करने वाले समाजसेवी व कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा और उत्साह के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले गए नगर कीर्तन में सहयोग करने वाले समाजसेवियों, अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह रहे। दोनों अतिथियों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए नगरवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने सिख समाज को न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों की दिशा भी प्रदान की। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री गुरु सिंह सभा के दीवान हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिख परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में सिख इतिहास से जुड़े अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी के योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की भावना को मजबूत किया। मुख्य अतिथियों ने प्रकाश पर्व के अवसर पर निकाले गए नगर कीर्तन में सहयोग देने वाले कलाकारों, समाजसेवियों, पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सिख समाज सदैव से सेवा, त्याग और परोपकार के कार्यों में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह एडवोकेट, गुरुशरण सिंह मोहन, सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सतपाल सिंह चावला, सतवंत सिंह सलूजा, हरपाल सिंह चावला, जसप्रीत सिंह रॉकी, सतमीत सिंह मनी, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, कारखाना महाप्रबंधक विजय गुप्ता, विजय अग्रवाल, एसपी सलूजा, गगनदीप चावला, गुरप्रीत सिंह, जावेद रहमान शम्सी, अब्दुल बारी, मनजीत सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## जन्मदिन पर आश्रम में वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक युवती ने अपने जन्मदिन पर एक नई पहल करते हुए एक वृक्ष मां के नाम लगाकर समाज को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा निवासी आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक की पुत्री पंडित निकिता कौशिक ने अपने जन्मदिन को सादगी के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने गांव के निकट स्थित मां तारा देवी आश्रम में पहुंचकर एक वृक्ष मां के नाम लगाकर समाज को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उन्होंने निरंतर बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे और उनकी रक्षा करनी होगी। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम की देखभाल करने वाले महाराज श्री लाल भारती से आशीर्वाद लिया।

# एडीएम ने किया आश्रय स्थल का निरीक्षण

## नि:शुल्क आश्रय स्थल का बैनर लगाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर स्थित आश्रय स्थल/शेल्टर होम का अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, वान्या सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेल्टर होम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने शेल्टर होम के बाहर स्पष्ट रूप से नि:शुल्क आश्रय स्थल का बैनर लगाने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने आश्रय स्थल में ठहरने वाले सभी लोगों का पूरा नाम और पता रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि धामपुर पुलिस समय-समय पर आश्रय स्थल का निरीक्षण करती रहे, ताकि कोई असामाजिक तत्व यहां प्रवेश न कर सके और आश्रय स्थल की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल का उद्देश्य जरूरतमंद, बेसहारा और असहाय लोगों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है, ऐसे में व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर तहसीलदार धनराज कुमार, लेखपाल प्रभात चौधरी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, ठहरने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप आश्रय स्थल का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

## एक नजर

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मौहल्ला बाडवान में होली चौक के निकट सुशील रस्तोगी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाला मुझे तेरा एक सहारा, अब मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं दुखियारा यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अनिल रस्तोगी, सुशील रस्तोगी, सोमवती रस्तोगी, मनीष, विशाल, कृति रस्तोगी, सिद्धि रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी, ओमप्रकाश, आचार्य कार्तिक आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### ब्राह्मण महासभा की बैठक



**बिजनौर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक नई बस्ती निवासी महेश चंद शर्मा के आवास पर जिला अध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार उपाध्याय एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिला कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व पारिवारिक विवरण प्रपत्र भरवाए जाएंगे। इसके लिए सभी संभावित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विप्र बंधुओं को जोड़ने एवं प्रपत्र भरवाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर मनोज कुमार उपाध्याय नोटरी वकील को अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अपने मनोनयन पर श्री उपाध्याय ने कहा कि वह ब्राह्मणों को एकजुट करने और अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि वह अपने स्तर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर बैठकों का आयोजन कर अच्छे, कर्मठ और ब्राह्मण समाज के लिए समर्पित लोगों को जोड़कर बड़ी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उनका उद्देश्य अन्य ब्राह्मण संगठनों के लोगों से वार्ता कर जनपद में एक ब्राह्मण संघर्ष मंच भी बनाए जाने के लिए प्रयास करना है। बैठक में मोहित गौड़, अनिल शर्मा फौजी, राजीव शर्मा, मोहित शर्मा, आशीष गौड़, नरेश शर्मा, पं. सुशील कुमार शर्मा, पं. दिनेश चंद्र शास्त्री, आशीष शर्मा, आलोक भारद्वाज, योगेंद्र शर्मा एवं सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को बांटे लिहाफ



**स्योहारा।** भीषण ठंड के बीच ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की ओर से बिजनौर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 100 गर्म लिहाफ वितरित किए गए। इस मानवीय पहल से जेल में बंद कैदियों को सर्दी से बचाव में बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर स्योहारा नगर के मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि इंसानियत हमें यह सिखाती है कि हम हर उस स्थान पर पहुंचे, जहां मदद की सबसे अधिक जरूरत हो। जेल में बंद लोग भी समाज का हिस्सा हैं और ठंड गर्मी जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों से उन्हें राहत देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर जेलों के अंदर जाकर सर्दियों में लिहाफ, कंबल व गर्म कपड़े तथा गर्मियों में ठंडा पानी और शरबत नि:शुल्क वितरित करती है। इसके साथ ही संस्था ऐसे कैदियों की सहायता भी करती है जो केवल जुर्माना अदा न कर पाने के कारण जेल में सजा काट रहे होते हैं। मौलाना अरशद हक्की द्वारा स्योहारा नगर सहित अनेक स्थानों पर लगातार सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजेल और हाजी तंजील आलम मौजूद रहे।

# गंगा खादर में सीमांकन कार्य शुरू

## वन विभाग और किसानों में चल रहा है काफी समय से विवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल के गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग व किसानों के बीच चल रहे विवाद में किसान संगठनों के प्रदर्शन के बाद राजस्व व वन विभाग हरकत में आ गया है, सोमवार को राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने खादर क्षेत्र में पहुंचकर सीमांकन कार्य शुरू किया।

गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग व किसानों के बीच पिछले एक वर्ष से जमीनी विवाद चल रहा है। विवाद को लेकर हाल ही में किसानों के दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी, जिसके बाद वन विभाग ने खादर क्षेत्र में खड़ी लगभग 30-40 बीघा गन्ने की फसल को जोतकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था, जबकि भाकियू टिकैत का पिछले आठ दिनों से डीएफओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन चल रहा है। विवाद निपटारे के लिए एसडीएम ने नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया है।

राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार अरुण कंबोज और वन दरोगा योगेश कुमार की मौजूदगी में संयुक्त टीम ने नांगल गंगा खादर क्षेत्र के खसरा नंबर 153 में सीमांकन का कार्य शुरू कराया है। हल्का लेखपाल सत्यनारायण ने बताया कि सीमांकन कार्य शुरू कर वन विभाग व किसानों की जमीन को चिन्हित किया जा रहा है।

## पुलिस ने तीन वाहन चोर पकड़े चोरी की पांच बाइकें बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान सोनू शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम मुस्सेपुर पाडली, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर (वर्तमान निवासी कुटिया कॉलोनी, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर) और घनश्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबूराम निवासी ग्राम तेलीपुरा माफी, थाना अमरोहा देहात, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से पांच बाइकें बरामद की है। बरामदगी के संबंध में थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या-08/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मोटरसाइकिल को 24 दिसंबर को नजीबाबाद में स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक के सामने से दोपहर में चोरी किया गया था। चोरी के बाद इसे पास के जंगल में एक ट्यूबवेल के पास गन्ने के खेत में छिपा दिया गया था। वह इस मोटरसाइकिल को देहरादून ले जाकर बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। अन्य मोटरसाइकिलों के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने नजीबाबाद, देहरादून और अन्य जगहों से भी मोटरसाइकिलें चुराई थीं। इन मोटरसाइकिलों को भी पास के ट्यूबवेल के समीप गन्ने के खेत में छिपाकर रखा गया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम खिदरीपुरा से आगे बिजली ट्यूबवेल के पास गन्ने के खेत से अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं।

# रोडवेज अनुबंधित बस से डीजल चोरी

## चोरी की घटना से कालोनी में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया, जब धामपुर डिपो से संबद्ध एक अनुबंधित बस से रात के समय अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा डीजल चोरी किए जाने की घटना सामने आई। चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई, जब चालक बस को लेने पहुंचा और बस के आसपास डीजल बिखरा हुआ देखा।

जानकारी के अनुसार दुर्गा विहार कॉलोनी की गली नंबर दो निवासी रघुराज सिंह की धामपुर डिपो में अनुबंधित बसें खड़ी रहती हैं। बताया गया कि बीती देर रात चालक बस को खड़ा कर घर चला गया था। उस समय बस के टैंक में लगभग 80 लीटर डीजल मौजूद था। आरोप है कि रात के दौरान किसी चोर ने बस के डीजल टैंक का ताला तोड़कर उसमें भरा डीजल चोरी कर लिया।

इतना ही नहीं, चोरों द्वारा पास में खड़ी एक अन्य बस से भी डीजल चोरी करने का प्रयास किया गया, लेकिन उस बस के टैंक में सुरक्षा के लिए जाल लगा होने के कारण डीजल नहीं निकाला जा सका। सुबह चालक के पहुंचने पर जब बस के नीचे और आसपास डीजल गिरा हुआ मिला, तब चोरी की घटना का पता चला।

घटना की जानकारी मिलते ही कॉलोनी के लोगों में दहशत फैल गई। रघुराज सिंह ने बताया कि कॉलोनी में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में ऐप डाउनलोड करने को लेकर भ्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब ब्लॉक क्षेत्र की बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंच गईं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर संदेश भेजकर निर्देश दिया गया कि वे पांच जनवरी की शाम तक किसी भी स्थिति में 'कर्मयोगी भारत' ऐप डाउनलोड करें, अन्यथा उनका मानदेय रोका जा सकता है।

सूचना मिलते ही कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने मोबाइल फोन के साथ परियोजना कार्यालय पहुंचीं, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी ऐप उनके मोबाइल में डाउनलोड नहीं हो सका। इससे महिलाओं में असमंजस और नाराजगी देखी गई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि ऐप डाउनलोड न हो पाने के बावजूद विभागीय स्तर पर कोई संतोषजनक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेशमा, रावी, भावना, नेहा, चित्रा, तेजियन, चारु, रवि, आदेश, शीतल, अनु, निशा सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि यह ऐप उनके कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा नहीं है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा लगातार इसे डाउनलोड कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जानकारी मांगने पर भी स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा रहा, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि कार्यालय में कुल पांच सुपरवाइजर तैनात हैं, लेकिन सोमवार को केवल चार सुपरवाइजर ही मौजूद थीं। शेरकोट क्षेत्र में तैनात एक सुपरवाइजर के अनुपस्थित रहने के कारण वहां से आई महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं इस मामले में सुपरवाइजर साधना गौतम ने कार्यकर्ताओं के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय रोकने के संबंध में उनके द्वारा कोई निर्देश नहीं दिया गया है। ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है कि इसे उसी दिन डाउनलोड किया जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसी को तकनीकी समस्या आती है तो वे एक-दो दिन के भीतर कार्यालय आकर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

# आस्था और सेवा का अनुपम संगम

## प्रसिद्ध झंडे वाले देवस्थान पर भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के प्रसिद्ध झंडे वाले देवस्थान पर आयोजित भंडारे में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में नगर के विभिन्न मौहल्लों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।

भंडारे की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और अनुशासित रहीं। स्वयंसेवकों ने पंक्तिबद्ध रूप से प्रसाद वितरण किया और स्वच्छता व व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन में साकेंद्र सिंह तथा डा. बीरबल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नगरवासियों ने आपसी सहयोग और भाईचारे का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। लोगों का कहना था कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सौहार्द और सकारात्मक सोच को मजबूती प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी को उनके सामाजिक एवं धार्मिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनुराग जोशी द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में नगर में जनहित, सामाजिक और धार्मिक गतिविधियां निरंतर आगे बढ़ रही हैं, जिससे समाज को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

भंडारे के आयोजन में बिट्टू जोशी, मास्टर विजय पाल शर्मा, नवीन चौधरी, सुरेश वर्मा, रणवीर सिंह, विकास अग्रवाल और राजू अग्रवाल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और सेवा भाव से व्यवस्थाओं को संभाला।

### शोक संदेश के कारण सादगी से सीमित रहा आयोजन

**झालू।** नगर में रामेंद्र सिंह उर्फ मुन्नू के निधन की दु:खद सूचना मिलते ही भंडारे के दौरान चल रही पूजा को रोक दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक की इस घड़ी में आयोजन को सादगी और संवेदनशीलता के साथ केवल भंडारे तक सीमित रखा।

जिलधिकारी ने ली जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

# गर्भवती महिलाओं को संस्कार विषय में विस्तारपूर्वक दें जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक मेंईकवच आभा आईडी पर चर्चा की गई और एसिड अटैक को लेकर जिलाधिकारी ने चर्चा की।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जबकि एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी स्थिति विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। ई कवच पर आभा आईडी तथा ई कवच पर सैम बच्चों को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में वीएचएसएनडी सत्र, आशा कलस्टर मीटिंग, वैक्सीन अपडेशन, जीरो वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की प्रस्तुति जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर ने की। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड की प्रगति शत प्रतिशत बढ़ाई जाए। जबकि एसिड अटैक पर चर्चा करते हुए गर्भवती महिलाओं को संस्कार विषय में विस्तार पूर्वक बताने के निर्देश दिए।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में चला बिजली चैकिंग अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आपरेशन बिजली चैकिंग अभियान में सुबह-सवेरे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में बिजली विभाग के कर्मचारी मैदान में उतर आये। लम्बे चौड़े काफिले के साथ की गई चैकिंग से शहर के अन्य मौहल्लों में भी हड़कम्प मच गया। बड़े स्तर पर की गई चैकिंग में धर्म स्थल और डेयरी समेत स्थानों पर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी।

विगत वर्ष हुई हिंसा के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में बिजली विभाग ने चैकिंग अभियान चलाकर बड़े स्तर पर बिजली चोरी पकड़ी थी। जबकि सपा सांसद भी इसकी जद में आ गये थे। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था। एक साल बाद इसी महीने में सोमवार को सुबह सवेरे बिजली चोरी चैगिं अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई की मौजूदगी में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नगर के मौहल्ला दीपा सराय में बिजली चैकिंग की। चैकिंग के दौरान एक

**○ सुबह पांच बजे से शुरू हुआ अभियान 8:30 बजे हुआ खत्म**

मस्जिद परिसर में बिजली चोरी पकड़ी गई। जबकि कई अवैध कनेक्शन काटे गए। अभियान की शुरूआत सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक लगभग तीन घंटे तक चलाया गया। इस दौरान दीपा सराय के अलावा हयात नगर थाना क्षेत्र के सराय तरीन में टीमों ने घर-घर, दुकानों, डेयरियों और सार्वजनिक स्थानों पर जॉच की। छापेमारी के दौरान एक घर में अवैध रूप से बिजली चोरी कर डेयरी चलाने का मामला पकड़ में आया। इसके अलावा कई स्थानों पर ई-रिक्शा चार्जिंग बिजली चोरी कर की जा रही थी। बिजली अधिकारियों का कहना था कि जहां-जहां बिजली चोरी पकड़ी गई है। उन पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। जबकि नियमानुसार जुर्माना व कानूनी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि बिजली चोरी न सिर्फ सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियानों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की बचत हुई। अभियान एक दिन का नहीं है, बल्कि लगातार जारी रहेगा।



सम्भल- तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं को सुनते डीएम व एसपी।

# शिकायतों को सुनकर गुणवत्ता परक करें निस्तारण: डीएम, एसपी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ओर पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण गुणवत्ता परक करने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतकर्ता बार बार शिकायत लेकर सरकारी कार्यालयों में ना आये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानाध्यक्ष एवं राजस्व से संबंधित अधिकारी अपने अपने क्षेत्रें में भूमि से संबंधित टॉप टेन मामलों को चिन्हित कर शीघ्र ही निस्तारित करें।

# महोत्सव पर गंगा घाट पर हुई महाआरती

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर गंगा महाआरती आरती महोत्सव के उपलक्ष्य में सात पुरोहितों द्वारा गंगा आरती व प्रसाद वितरण किया गया। घाट पर महाआरती के महोत्सव के उपलक्ष्य में गंगा जी की भव्य महाआरती की गयी। इसमे काफी लोगों ने भाग लिया। गंगा मइया की जय के जयकारे से गंगाघाट गूंज उठा। बबराला घाट के आरती स्थल को रन बिरंगी झालर व लाइटों से सजाया गया। घाट पर गंगा मइया का पूजन विधि-विधान के साथ किया गया। इसमें आस पास के महिला व पुरुष भक्तों ने आरती की। उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल उर्फ भोला ने बताया कि मां गंगा सभी के तारणहार है। स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। इनको स्वच्छ रखने सभी की जिम्मेदारी है। 22 जुलाई 2019 को घाट पर मां गंगा जी की आरती शुरू की थी।तब से अनवरत चल रही है। आज गंगा महाआरती महोत्सव मनाया गया।आरती के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा हुआ। गंगा आरती में माँ गंगा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, उमेश गुप्ता, योगेन्द्र सिंह यादव, विवेक अग्रवाल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, गर्वित, पूजा गोयल, गार्गी गोयल, शिवम अग्रवाल, डिम्पल वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, डीपी गुप्ता, मोनू, कुमोद वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता, बौबी, अभय उर्फ टेस्टी वार्ष्णेय, डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. रघुवंशी, सतेंद्र गौतम, राधेश्याम, आदि रहे।

**○रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया आरती स्थल**



बबराला। गंगाघाटर राजघाट पर महोत्सव में महाआरती में भाग लेते श्रद्धालु।

# धूप निकलने से भी ठंड में राहत नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कोहरे और गिरते तापमान से जनमानस परेशान है। लगातार कई दिन कोहरा छाए रहने के बाद सोमवार को धूप तो खिली। न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुध्ई, लेकिन सर्दी से राहत नहीं मिल सकी। सर्दी का सितम लगातार जारी है। पिछले कई दिन से कोहरा, धुंध और गलन लोगों की कंपकपी छुड़ा रही है। हालांकि, सोमवार को धूप निकली, लेकिन शीत लहर के आगे बेअसर साबित हुई। शाम को ठंड में दोगुनी बढ़ोतरी हो गई। समय से लोग घरों में कैद हो गए।सर्दी में लोग रूम हीटर व अलाव का सहारा ले रहे हैं।

झगड़े की शिकायत लेकर पहुंचा था मृतक

# थाने के गेट पर ई-रिक्शा चालक की मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता



**बबराला।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ई-रिक्शा चालक की अचानक मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव मनौटा निवासी विनोद पुत्र सोमपाल (40) का किसी व्यक्ति से झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और थाने के गेट पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई पुष्कर ने बताया कि झगड़े के बाद विनोद ने अपने चचेरे भाई को फोन कर कहा था कि भाभी को लेकर असमोली आ जाओ, मेरा किसी से झगड़ा हो गया है। इसके बाद विनोद खुद ई-रिक्शा लेकर असमोली थाने पहुंचा। थाने के गेट पर ई-रिक्शा से उतरते समय वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे उठाया और सीएचसी असमोली ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया गया है कि मृतक विनोद ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके छह बच्चे हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है, जबकि चार बच्चे अविवाहित हैं। अचानक हुई इस मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर है।

# स्कूलों में घोषित अवकाश का कड़ाई से हो पालन: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अत्याधिक ठुंड और कोहरे के चलते शिक्षए संस्थानों में अवकाश घोषित होने के बाद भी कुछ शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य को जिलाण्किारी ने गम्भीरता से लिया। जिलाधिकारी ने पुनः अवकाश घोषित करते हुए आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में अत्याधिक ठंड और कोहरे के चलते बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 14 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी जानकारी में आया है कि सहायता प्राप्त/ सीबीएसई/ आईसीएसई/ मदरसा आदि में शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। जबकि जिले में अत्याधिक कोहरा और शीत लहर के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिलाधकारी ने पूनः 14 जनवरी तक कक्षा नर्सरी से आठ तक अवकाश की घोषणा की है।



सम्भल। मुरादाबाद मार्ग स्थित बसपा कीसमीक्षा बैठक में बोलते वक्ता।

# नियमों के उल्लंघन पर मांस दुकान कराई बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मांस दुकानों के निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाया। एक मांस दुकान का पंजीकरण निलम्बित कर दुकान को तत्काल बंद कराया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को विभागीय टीम द्वारा स्थान-जोया रोड, शहबाजपुर खुर्द, सम्भल स्थित मौ. जाकिर की चिकेन मीट शॉप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कर्ता द्वारा मुर्गा मीट शॉप का संचालन उनके द्वारा प्राप्त किये गये खाद्य पंजीकरण में अंकित स्थान से अन्यत्र पाया गया। मौके पर संचालित

**○ लाइसेंस किया निलम्बित स्पष्टीकरण किया तलब**

प्रतिष्ठान की धार्मिक स्थल से उचित दूरी नहीं पाया गया एवं प्रतिष्ठान का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006, नियम व विनियम-2011 की अनुसूची-4 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नहीं किया जा रहा था। जनहित में लोकस्वास्थ्य के मददेनजर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत प्रतिष्ठान का पंजीकरण तत्काल निलंबित कर पर खाद्य कारोबार का संचालन बन्द कराया गया। साथ ही नोटिस जारी कर 14 दिवस में जवाब/स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में राहुल सिंह सीएफएसओ, अशोक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-राष्ट्रीय काव्य संगम में कवता सुनाते कवि।

# आज समय की मांग है मातृभूमि का यशगान करो

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में आठ राज्यों से आए साहित्यकरों ने, प्रातः छह बजे से देर रात्रि तक निरंतर पंन्द्रह घंटे कविता पाठ करके, साहित्यिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक समारोह के रूप में मनाया गया। श्री कल्कि देव तीर्थ समिति की प्रेरणा से यह कार्यक्रम हिन्दू जागृति मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा की स्मृति में आयोजित किया गया था। जिसमें सत्र के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी रामानुज ने साहित्य को वह धरोहर बताया जो अगली पीढ़ी को संस्कारित बनाती है,एवं साहित्यिक अभिरुचि हमेशा ही हमारे मन-मस्तिष्क को तरोताजा बनाए रखती है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने हिन्दू जागृति मंच के सदस्यों एवं उपस्थित साहित्यकारों को भगवान श्री कल्कि का चित्र एवं श्रीमदभागवद गीता ग्रन्थ एवं स्पर्शी पत्रिका देकर सम्मानित किया। हिंदू जागृति महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष नेहा मलय ने कहा कि आठ प्रदेशों से आए 137 साहित्यकारों ने रविवार प्रातः काल 8:00 बजे से निरंतर 16 घंटे तक कार्यक्रम चलकर रात्रि 12:00 बजे संपन्न हुआ। ऐसा अद्‌भुत अनूठा और मिसाल बनने वाला कार्यक्रम हिंदू जागृति मंच ने करके साहित्य जगत में संभल की यश पताका बुलंद की है। अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन प्रतिवर्ष ही ऐसा आयोजन निरंतर चार वर्षो से कराता आ रहा है, साहित्यकारों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर रामपुर से आए गीतकवि शिवकुमार चंदन सुनाया- आज समय की माँग यही है, मातृभूमि यशगान करो। निज संस्कृति संरक्षण हित, मिलकर कर्म महान करो।।डा. संदीप कुमार सचेत ने पढा-दुख ने पाया विस्तार और सुख सिमट गया, खुद को सहेजने में, मैं खुद ही मिट गया।। गीता सार को समेटे हुए दीपक गोस्वामी चिराग ने सुनाया-जो बीता अच्छा हुआ, जो भी होगा श्रेष्ठ। घटित हो रहा जो अभी, वह भी है अतिश्रेष्ठ।। श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी द्वारा लाइन प्रस्तुत की गई- हँसती-इठलाती जहाँ पर हैं कलियाँ, वहीं पर मैं अपना चमन देखता हूँ। कार्यक्रम का संचालन सुखपाल सिंह गौर, इशांत शर्मा यीशु, अतुल कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता एवं मीनू रस्तोगी ने संयुक्त रूप से किया।

# साइकिल नहीं हाथ रोक सकता है बुल्डोजर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बसपा की अध्यक्षा पूर्व मुख्यमंत्री के जन्म दिन के साथ आगामी विस चुनावों को लेकर बसपाइयों ने संगठन को धान देना शुरू कर दिया है। बसपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद ने जन्मदिन मनाने की तैयारियों की जानकारी ली और बुल्डोजर को साईकिल नहीं बल्कि हाथ द्वारा ही रोके जाने का दावा किया।

मुरादाबाद मार्ग स्थित एक पैलेस में आयोजित बैठक को पूर्व सांसद गिरीश चंद्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 जनवरी को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन है, जिसे ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय पार्टी ने लिया है। इसी को लेकर जनपद स्तर पर व्यापक चर्चा और तैयारियां की जा रही हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज कानून का राज नहीं बल्कि गुंडाराज है। युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, किसान परेशान हैं। पहले डीएपी खाद के लिए किसानों पर लाठियां चलती थीं, अब यूरिया के लिए भी किसानों पर लाठीचार्ज हो रहा है। पूर्व सांसद ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बुलडोजर राज चलाया जा रहा है, जिसमें बेगुनाह लोगों के मकान तोड़े जा रहे हैं और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। भाईचारा पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगर कोई भाईचारा कायम कर सकता है तो वह सिर्फ बहुजन समाज पार्टी और मायावती ही हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल कभी बुलडोजर नहीं रोक सकती, बुलडोजर हाथी ही रोक सकता है। जिस दिन सब लोग हाथी के साथ आ जाएंगे, उस दिन बुलडोजर भी रुकेगा और उत्तर प्रदेश में फिर से कानून का राज स्थापित होगा। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर हाजी रफतउल्लाह उर्फ नेता छिददा, जितेंद्र सिंह, संसार सिंह, हरद्वारी लाल गौतम, धमेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# उत्साह व भक्ति भावना के साथ मना प्रकाश पर्व

**○ जिलाधिकारी व एसपी ने गुरुद्वारा में मत्था टेका**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दशमेश पिता गुरू गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व श्रृद्वा, उत्साह व भक्ति भावना के साथ मनाया गया।

गुरूद्वारा श्री गुरूनानक दरबार में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः भोग श्री अखंड पाठ साहिब उपरांत निशान साहिब के चोले की सेवा की गई। तत्पश्चात महान कीर्तन दरबार में गुरूद्वारा सीसगंज साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अंग्रेज सिंह ने गुरवाणी कथा विचारों से संगतों को निहाल किया। जबकि वीर जी के जीवन संघर्ष युद्व, वीरता की गाथा का श्रवण कराया। वीर बाल बलिदान दिवस चार साहिबज़ोदे धर्म रक्षा कथा सुनाकर संगतों को वर्णन सुनाया। गुरूद्वारा साहिब की हाजरी जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने गुरूद्वारा में मत्था टेका जबकि जिलाधिकारी ने संगतों को सम्बोधित किया। पुलिस अधीक्षक ने गुरू जी की महिमा का वर्णन किया और बोले सोनिहाल सतश्री अकाल से आदर सम्मान प्रकट किया। आनन्द साहिब के पाठ नगर सुख शांति, आपसी भाईचारे की अरदास लगाकर गुरू का अटूट लंगर सांय तक सभी सम्प्रदाय के लोगों ने छंका। इस दौरान गुरूद्वारा साहिब भव्य रूप से सजाया गया। दीपमाला रोश्यानी की संदर व्यवस्था की गई। जबकि सेवादारों में हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, जागेश ठकराल,, धर्म सिंह, गुरविन्दर सिंह, सुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, अभीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जसजीव सिंह, दौलत राम, मुन्ना लाल, विनोद, बब्लू, भीकम, जसपाल सिंह, कुलवीर सिंह, जगजीत सिंह, दर्शन सिंह, कुलदीप सिंह, एसपी गम्भीर, अजीत सिंह, गालूसूरी, राम, गंगा बिशन, गोविंदराम सेवा व सहयोगी रहे। महिला सुखमनी सोसायटी की सुरेन्द्र कौर, सुखविन्दर कौर, पूनम मदान, करमजीत कौर, सोनिया, सुखप्रीति कौर, मंजीत कौर, जगजीत कौर, जसमीत आदि सेवा व सहयोगी रहीं।



सम्भल- गुरूद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार में मत्थ टकेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के के विशनोई।

# फसल से खरपतवार करें दूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गेहूं की फसल के लिए कम तापमान अच्छा रहता है। इस समय का मौसम फसल के लिए फायदेमंद है, लेकिन फसल में खरपतवार को समय से दूर करना जरूरी है। क्योंकि खरपतवार फसल के पोषण को प्रभावित करता है। अच्छी पैदावार लेनी है तो किसानों को फसल से खरपतवार को दूर रखाने के लिए समय-समय उपाय जरूर करने चाहिए।

उप सम्भागीय कृषि प्रसार कार्यालय गुन्नौर के सहायक विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा ने विभिन्न प्रकार के खारपतवारों के लिए अलग-अलग विधियां बताई हैं। उन्होनें बताया कि गेहूं में संकरी पत्ती के खरपतवारों पर नियंत्रण पाने के लिए सल्फो सल्फ्यूरॉन 75 प्रतिशत डब्ल्यू पी की 33 ग्राम प्रति हेक्टेयर मात्र को 500 से 600 लीटर पानी में घोल बनाकर फ्लैट फैन नोजल द्वारा छिड़काव करें। चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के लिए मैट सल्फ्यूरॉन मिथाइल 20 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 20 ग्राम प्रति हेक्टेयर मात्र को 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर फ्लैट फैन नोजल से छिड़काव करें।

**○सल्फो सल्फ्यूरॉन का घोल बनाकर फ्लैट फैन नोज से करें छिड़काव**

# सुबह सवेरे निकली चिलचिलाती धूप ने किया आनंदित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हांड़ मांस को कंपाने वाली कड़ाके की ठंड के बाद सप्ताह भर बाद सूरज की किरणे सुबह ही नज़र आने से लोगों को राहत मिली और शरीर में गर्मी का अहसास हुआ।

शीत लहर के बढ़े प्रकोप ने एक सप्ताह से हांड़ मांस को कंपा रखा है। बढ़ी कड़ाके की ठंडक से लोग दिन भर अपने घरों पर छिपने को मजबूर रहते हैं। जिससे दिन भर मुख्य बाज़ारों के साथ सरकारी कार्यालयों और मुख्य मार्गों पर भी रौनक दिखायी नही देती है। ठंड के प्रकोप से लोगों के घरों में छिपे रहने के बाद बाज़ार भी दिन ढलते ही सूना-सूना हो जाता है। जबकि हाथ पर हाथ धरे बैठे दुकानदार भी जल्दी ही अपने घरों को जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। तीन दिनों से लगातार आसमान में धुंध और बादल छाये रहने से सूरज नही निकलने के चलते ठंड ने खेती और व्यापार के साथ अन्य कारोबार और मज़दूरों को भी प्रभावित कर दिया था। ठंड के चलते लोग काम करने के बजाए अपने घरों पर ही लिहाफ आदि में छिपने को मजबूर हो रहे थे। लगातार तीन दिनों से ठंड की मार झेल रहे लोगों को सोमवार को सुबह से ही आसमान में छायी धुंध हटी और सूरज की किरणों ने अपने दर्शन दिये। दिन का पारा चढ़ने के साथ धूप निकलते ही कड़ाके की ठंडक से राहत महसूस हुई जबकि घरो में छिपने को मजबूर बूढ़े और कमज़ोर लोगों ने धूप में बैठकर गर्मी का आनंद लिया। दिन भर सूरज की गर्मी से राहत लेने के बाद सांय हाते ही गलन भरी सर्दी का प्रकोप फिर बढ़ गया। सांय को ठंड हवा के सर्द झोंके बढ़ते ही लोग जल्द ही अपने घरों को चले गए।

# सांसद निधि से लगी हाइमस्ट लाइटें महीनों से पड़ीं खराब

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सांसद निधि से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब पांच महीनों से खराब पड़ी हैं, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त लाइटें संभल सांसद जियाउर रहमान बर्क की सांसद निधि से लगवाई गई थीं, लेकिन कुछ ही समय में वे खराब हो गईं। प्राथमिक विद्यालय के पास अंधेरा रहने से छात्रों, महिलाओं और राहगीरों को रात के समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मौ कासिम, आसिफ, हसनैन, मौ शफी, मौ आमीर, समीर, इमरान और दिलखुश ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि गांव में अंधेरे की समस्या से निजात मिल सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

# हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के बिलारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमरपुरक. ाशी गांव में सोमवार को विद्युत हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे से गांव में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक गांव के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर कार्य कर रहा था, तभी अचानक लाइन में विद्युत सप्लाई दौड़ गई। तेज धमाके के साथ वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर पड़ा।करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बचाने का



प्रयास किया। इसके बाद बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई गई और घायल युवक को तत्काल बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।सीएचसी में चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो लाइन का पूर्ण शटडाउन किया गया था और न ही सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस युवक की पहचान और उसके कार्य से जुड़ी जानकारी जुटा रही है। घटना ने एक बार फिर हाईटेंशन लाइनों पर काम के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर कर दिया है।

# तहसील समाधान दिवस में आई 37 शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** नए साल के तहसील समाधान दिवस का आयोजन आज एडीएम प्रशासन संगीता गौतम के निर्देशन में किया गया जिसमें 37 लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायत दर्ज कराई इनमें तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया समाधान दिवस में महिला कल्याण विभाग के प्रतिनिधि गैर हाजिर रहे। नव वर्ष 2026 में शनिवार का अवकाश होने के कारण आज सोमवार को तहसील दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया जिसमें काफी विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि पहुंचे एडीएम प्रशासन ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए और शिकायतकर्ताओं से उनके निस्तारण के बारे में फीडबैक भी लिया जाना चाहिए। इस दौरान लोगों ने डोल मेंड़ चकरोड एवं अन्य शिकायतों को दर्ज कराया।

इनमें तीन का निस्तारण मौके पर किया गया बाकी का निस्तारण समय रहते किए जाने के निर्देश दिए गए। तहसील समाधान दिवस में एसडीएम संत दास पवार तहस. ीलदार राजकुमार सिंह नायब तहस. ीलदार योगेश शर्मा सहित काफी विभागों के अधिकारी कर्मचारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इनकी वजह से लगता है मुख्य मार्ग पर लंबा जाम

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुख्य मार्ग पर जाम लगना नगर की मुख्य समस्या बनी हुई है। लेकिन गौर किया तो पता चला कि इनकी वजह से सड़कों पर जाम लगता है जी हां हम बात कर रहे हैं पुराने बस स्टैंड पर रुकने वाली सरकारी बसों की, नया बस स्टैंड बनने के बाद भी बस चाल. को द्वारा पुराने बस स्टैंड पर बसों को खड़ा करके सवारी को बैठाया और उतारा जाता है पहली बस वहां से चलती नहीं उसके पीछे एक दो बसे आकर खड़ी हो जाती हैं। दूसरी और से आने वाली बसें भी सड़क पर खड़ी होकर सड़क को तंग कर देती हैं और फिर दोनों तरफ से आने-जाने वाला ट्रैफिक वहां पूरी तरह से जाम हो जाता है। जब तक बस वहां से चलती है तब तक जाम की लंबी-लंबी लाइन दोनों और लग जाती है और यह जाम खत्म होने में आधा से 1 घंटे का समय लगता है। तब तक के लिए लोगों का आना-जाना मुश्किल होता है और बाजार से खरीदारी करने आए लोगों को भी भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। जाम से निजात दिलाने के लिए नगर व क्षेत्र के लोग काफी समय से प्रशासन से मांग करते चले आ रहे हैं मगर इस और कोई विशेष ध्यान ना दिया जाना लोगों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। बस चालकों की हालत यह है कि वह सड़क छोड़कर भी बस खड़ी करना मुनासिब नहीं समझते और सड़क पर जाम लगाने के मुख्य कारक बन जाते हैं। लोगों ने इस जाम से मुक्ति दिलाए जाने की मांग उठाई है।



# बिलारी के आसिफ बंटी के बॉक्सर फीमेल ने जीता बेस्ट इन ब्रीड अवॉर्ड

## हरियाणा के पलवल में आयोजित हुई थी राष्ट्रीय डॉग शॉप प्रतियोगिता

### ■ बेस्ट इन शो बेस्ट पप्पी और बेस्ट इन ब्रीड के तीन अवार्ड जीती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** हरियाणा के पलवल जिले में आयोजित राष्ट्रीय डॉग शॉप प्रतियोगिता में मुरादाबाद जिले के बिलारी निवासी आसिफ शादाब उर्फ बंटी की 9 महीने के बॉक्सर फीमेल ने डॉग शो में ब्रीड इन इंडिया, बेस्ट इन शो और बेस्ट पप्पी का अवार्ड जीतकर मुरादाबाद जिले का नाम रोशन किया है। आसिफ शादाब पिछले 30 सालों से विदेशी नस्ल के 50 से अधिक डॉग्स रखते हैं साथ ही उन्हें देशभर में आयोजित डॉग शो में प्रतिभागी भी करते हैं बिलारी में लोगों ने उन्हें बधाई भी दी है। बिलारी नगर निवासी 45 वर्षीय आसिफ शादाब उर्फ बंटी ने बताया कि रविवार को हरियाणा के पलवल जिले में कैनल क्लब का पलवल के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय डॉग शो प्रतियोगिता में देशभर के कई



प्रदेशों से डॉग प्रेमियों ने प्रतिभा किया था उन्होंने बताया कि वह अपनी 9 महीने की बॉक्सर फीमेल नूमा को लेकर गए थे बताया कि इस दौरान उन्होंने अपनी फीमेल को रिंग में उतारा कई राउंड के जजमेंट के बाद जजों ने उनकी फीमेल को बेस्ट ब्रीड इन इंडिया बेस्ट इन शो और बेस्ट पप्पी का अवार्ड जीता। इसके बाद जजों ने उन्हें सर्टिफिकेट भी सौंपा। आसिफ शादाब ने बताया कि डॉग शो में हजारों की संख्या में डॉग पहुंचे थे। उनकी बॉक्सर फीमेल को काफी पसंद किया गया। उन्होंने बताया कि वह पिछले 30 सालों से विदेशी नस्ल के 50 से अधिक डॉग पाल रखे हैं वह समय-समय पर देश के कई प्रदेशों में डॉग शो में प्रतिभा करने जाते हैं उन्होंने बताया कि उन्हें यह शौक अपने दादा मरहूम हाजी दूल्हा शेर और उनके मरहूम पिता के द्वारा दिया गया है बताया कि उन्हें भी डॉग्स पालने का काफी शौक था उन्होंने बताया इसके अलावा उनके पास पर्शियन कैट और तोते भी है।

वह अब तक हजारों की संख्या में ट्रॉफी और सर्टिफिकेट जीत चुके हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने बधाई देने उनके घर पर पहुंचे।

## एक नजर

### कुंदरकी विधायक रामवीर सिंसह ने किया आधुनिक जिम फिटनेस गेराज का शुभारंभ



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** दीनदयाल नगर - कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने साई मंदिर रोड पर आधुनिक जिम फिटनेस गेराज का शुभारंभ किया। श्री जी हैंडलूम्स द्वारा बनाए गए इस जिम में आधुनिक मशीनें हैं, जो युवाओं को शारीरिक श्रम के साथ-साथ अपनी फिटनेस को बनाने के लिए अच्छा अवसर प्रदान करता है। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए सभी को फिटनेस के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, शैलेन्द्र, रचना, उज्जवल स्वरुप, अर्पित चौहान और प्रियांशी तान्या आदि मौजूद रहे।

### पाइप लाइन फटी तो सड़कों पर बहने लगा पानी



**कांठ ( शाह टाइम्स।** पाइपलाइन फटने के कारण पानी सड़कों पर बहने लगा और बिना बारिश के ही मोहल्ले में बारिश जैसे हालात पैदा हो गए लोगों ने पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है ईदगाह नई बस्ती स्थित भूड़ मंदिर के दीवार के सहारे सहारे पीने के पानी की पाइपलाइन दबी हुई है। दोपहर के वक्त अचानक पाइपलाइन से पानी निकलने लगा और काफी दूर तक सड़क पर फैल गया। बिना बारिश के सडक के ऊपर पानी बहता देख लोग आश्चर्यचकित हो गए आसपास के लोगों ने सड़क पर जाकर बह रहे पानी के नजारे को करीब से देखा। हालांकि बच्चों ने इस बहते पानी का आनंद भी लिया मगर मोहल्ले के लोगों ने पीने के पानी की माकूल व्यवस्था कराए जाने की मांग उठाई है।

### जायन्ट्स ग्रुप सखी सहेली ने मनाया नववर्ष उत्सव, सेवा कार्यों का लिया संकल्प

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वाधान में नववर्ष उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल फीस भी जमा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं जायन्ट्स प्रार्थना के साथ हुआ। को-ऑर्डिनेटर सीमा वर्मा, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल एवं अध्यक्षा मधु तोमर ने सभी सदस्यों को नया कैलेंडर भेंट करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप सखी सहेली सदैव अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पहचाना जाता रहा है और इसे बनाए रखने के लिए आगामी वर्ष में भी सभी सदस्य मिलकर नए-नए सेवा प्रोजेक्ट्स पर कार्य करेंगे। दिसम्बर माह में मथुरा में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन में ग्रुप को प्राप्त पी.पी. फोरम अवार्ड अंजू राजपूत को प्रदान किया गया।

वहीं नया ग्रुप 'जायन्ट्स ग्रुप ऑफ पंतनगर रॉयल' गठित करने के लिए रीता बुदियाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मधु तोमर, सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, राजेश्वरी श्रीवास्तव, दीप्ति दुबे, सरोज शर्मा, कंचन वाला, चंचल गोयल, पुष्पा वर्मा, ऊषा अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# तहसील चन्दौसी में सरकारी भरोसे की आड़ में महाठगी का खेल

## लेखपाल गब्बर सिंह द्वारा चलाया जा रहा था फर्जी निवेश का कारोबार, निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये लेकर लेखपाल ने लोगों को लगाया चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महाठगों ने अपने अवैध कारोबार के विस्तार के लिए चन्दौसी तहसील में तैनात एक लेखपाल के आवास को ही कार्यालय बना लिया। यहीं से राजस्व विभाग का कामकाज कम और महाठगी का धंधा अधिक फलता-फूलता रहा। आरोप है कि लेखपाल ने अपने सरकारी पद और विश्वास का दुरुपयोग करते हुए पत्रकारों, साथी लेखपालों, उनके रिश्तेदारों, कानूनगो के परिजनों तथा अर्द्धसरकारी कर्मचारियों को जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। बताया गया कि लेखपाल द्वारा लोगों को चाय-नाश्ते पर बुलाकर एक आकर्षक स्कीम समझाई जाती थी। कहा जाता था कि मात्र दो लाख रुपये निवेश करने पर 20 माह तक 9,500 रुपये प्रतिमाह लाभ सीधे खाते में मिलेगा और 20 माह बाद चेक के माध्यम से मूल धन वापस कर दिया जाएगा। लेखपाल यह कहकर लोगों का भरोसा जीतता था कि रुपयों की पूरी जिम्मेदारी उसकी है, क्योंकि वह सरक. ारी कर्मचारी है। इस भरोसे के चलते कई लेखपालों, पत्रकारों और तहसील में कार्यरत अर्द्धसरकारी कर्मचारियों ने दो-दो लाख रुपये निवेश किए। आरोप है कि बैंक जाकर स्वयं लेखपाल द्वारा ही रुपये जमा कराए गए। धीरे-धीरे यह रकम करीब करोड़ों रुपये तक पहुंच गई। खास बात यह है कि लगभग 50 हजार रुपये मासिक वेतन पाने वाला लेखपाल शाही ठाठ-बाट से दो थार गाडिघ्यां लेकर घूमता रहा और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करता रहा। परिवार के सदस्यों के नाम आभूषण, संपत्ति और सैर-सपाटों पर भी जमकर पैसा खर्च किया गया, जिससे लोगों का भरोसा और गहराता चला गया। निवेशकों को 20 माह बाद की तारीख वाले चेक दिए गए थे। साथ ही वेबसाइट के माध्यम से भी लोगों से रुपये डलवाए गए। आरोप है कि लेखपाल ने दर्जनों साथी लेखपालों की पत्नियों के नाम लोन कराकर भी दो-दो लाख रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं, राजस्व विभाग के कुछ गजटेड अधिकारियों को भी बड़े मुनाफे का सपना दिखाकर ठगी की गई, यहां तक कि अपने सुपरवाइजर कानूनगो को भी दो लाख रुपये का चूना लगा दिया गया।

फिलहाल पूरा मामला एसआईटी




जांच के दायरे में है। बताया जा रहा है कि तहसील चन्दौसी में महाठगी करने वाला लेखपाल बीमारी का बहाना बनाकर फरार हो गया है। वह मोबाइल फोन के माध्यम से निवेशकों को रकम वापस करने का आश्वासन दे रहा है, लेकिन इतनी बड़ी रकम आखिर कहां और कैसे गायब हुई, यह अब जांच का विषय बना हुआ है। सोमवार को इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई। लेखपाल द्वारा इन लोगों के साथ की ठगी: आरोपी लेखपाल गब्बर सिंह द्वारा अपने ही विभाग के कर्मचारियों से करोड़ों की ठगी की गई। तहसील के प्राईवेट कर्मियों से भी लेखपाल ने निवेश के नाम पर ठगी की। बता दें कि सेना में नौकरी कर चुके लेखपाल गब्बर सिंह का अतीत पता नहीं कैसा रहा होगा, लेकिन लेखपाल ने तहसील में जो महाठगी का खेल खेला, वह अब किसी से छुपा नहीं है। पहले अपने संबंधियों से दो-दो लाख रुपये जमा कराये व नौ हजार रुपये प्रतिमाह खाता में आने का आश्वासन दिया। संदेह निवेशकों को तब हुआ जब लेखपाल नई थार गाड़ी से सड़क पर घूम रहा था और लोगों से कह रहा था कि निवेश के बाद मेरी तरह गाड़ी में घूमोगे। लोगों का अपने गिरोह के साथ ब्रेनवॉश किया और दिवा स्वप्न दिखाए। तहसील में कार्यरत प्राईवेटकर्मी रिंकू पुत्र सीताराम से दो लाख रुपये, रुबी पत्नी रिंकू से दो लाख रुपये, लेखपाल मौ0 आरिफ पुत्र मौ0 अकील से दो लाख रुपये, मीनू शर्मा पत्नी लेखपाल शिवम शर्मा से दो लाख रुपये, मोहित यादव पुत्र कानूनगो सुशील यादव से दो लाख रुपये, गीता यादव पत्नी कानूनगो सुशील यादव से दो लाख रुपये, ब्रजेश यादव पुत्र विजय सिंह यादव नि0 चितौरा से एक लाख रुपये, एक कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या पूर्वा रंजन से दो लाख रुपये, पत्रकार एस0के0 सक्सेना से दो लाख रुपये, लेखपाल वरुण कुमार से दो लाख रुपये, अब्दुल तालिब पुत्र मौ0 जहूर से पचास हजार रुपये, महावीर सिंह यादव पुत्र जयराम से पांच लाख रुपये, बाबूराम कानूनगो की पत्नी इंदु से एक लाख रुपये, शिवानी पुत्री बाबूराम कानूनगो से तीन लाख रुपये, पारस शर्मा पुत्र लेखपाल राजीव शर्मा से पांच लाख रुपये, प्रवेश शर्मा पत्नी राजीव शर्मा लेखपाल से तीस लाख रुपये, लेखपाल प्रदीप चौहान से दस लाख रुपये, रामा देवी पत्नी लेखपाल धर्मेन्द्र सिंह से पांच लाख रुपये, लेखपाल मौ0 आजम से दो लाख रुपये, प्रेमलता पत्नी संजीव कुमार यादव लेखपाल से एक लाख रुपये, सुधा देवी पत्नी सोहनलाल लेखपाल से सात लाख रुपये, खुशबू पुत्री संजीव से दो लाख रुपये, सुधा शर्मा पत्नी मुकेश शर्मा लेखपाल से पांच लाख रुपये, मुकेश शर्मा लेखपाल से बीस लाख, आशीष प्रताप पुत्र उमेश से दस लाख रुपये, प्रीति कंचन पत्नी लेखपाल उमेश चंद्र लेखपाल से पच्चीस लाख रुपये, नेहा सिंह पत्नी गोपाल लेखपाल से दो लाख रुपये, गोपाल लेखपाल से ग्यारह लाख रुपये, अर्चना पत्नी हरिकिशोर लेखपाल से पांच लाख रुपये, मुक्ति वार्ष्णेय पत्नी प्रदीप कुमार लेखपाल से दस लाख रुपये, नीलू पुत्र प्रदीप लेखपाल से दस लाख रुपये, प्रदीप कुमार लेखपाल से पांच लाख रुपये सहित ऐसे अन्य तमाम लोग हैं जिनसे लेखपाल गब्बर सिंह द्वारा वसूली की गई। अब इस गिरोह के कितने आदमी थे, यह जांच के बाद पता चलेगा या स्वयं गब्बर ही बतायेंगे। मजे की बात तो यह है कि कुछ लोगों ने लोन लेकर पैसे निवेश किये।

# बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रात:काल से ही



श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और यह क्रम शाम तक लगातार चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का बेलपत्र, पुष्प, दुग्ध, जल एवं प्रसाद अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर व बाहर का क्षेत्र मेले जैसा प्रतीत हो रहा था। जलाभिषेक के उपरांत महिलाओं, बच्चों सहित श्रद्धालुओं ने चाट, पकौड़ी आदि का आनंद लिया। जलाभिषेक के दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं में पुजारी सतीशचन्द्र शर्मा, अंकित शर्मा एवं बाबा महादेव गिरी का विशेष सहयोग रहा। पुरातत्व विभाग के अनुसार बेरनी स्थित यह शिव मंदिर लगभग पांचवीं सदी का है। मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं की सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सावन मास एवं फाल्गुन मास की शिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेला लगता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं।

# तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, जनसमस्याओं की सुनवाई

**चन्दौसी।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश मामले अवैध कब्जा, भूमि विवाद एवं मेढ़बंदी से संबंधित रहे। शिकायतकर्ता बहारे आलम पुत्र गुलाम हुसैन ने प्लॉट से जुड़े विवाद को लेकर प्रार्थनापत्र दिया। धर्मपुर रत्ता गांव निवासी एडवोकेट हरिसिंह द्वारा पशु चारागाह की गाटा संख्या 420, 422र, 426, 445, 446 तथा हड़वार की भूमि की गाटा संख्या 447 को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में 11वीं बार शिकायत दर्ज कराई गई। नगर पालिका चन्दौसी से संबंधित टैक्स जमा एवं मिलान को लेकर नगरवासियों ने शिकायत की। बनियाखेड़ा निवासी राधा पत्नी रमेश ने



रोजगार सेवक पर रुपये न देने का आरा. ेप लगाते हुए शिकायत की। विचौटा काजी निवासी एक व्यक्ति की विद्युत करंट से हुई मृत्यु के मामले में सरकारी सहायता न मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई। गांधी रोड निवासी प्रशांत अग्रवाल ने राशन कार्ड से संबंधित समस्या रखी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायत दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 06, चकबन्दी विभाग की 02, विकास विभाग की 01, खाद्य एवं रसद विभाग की 01 व अन्य विभागों की 10 शिकायत रहीं। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी चन्दौसी धर्मराज राम, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक, एडीओ पंचायत नीरज सिंह, कानूनगो सुशील यादव, बाबूराम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर एनएसएस का जागरूकता अभियान

**चन्दौसी।** नगर के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान के चलते सोमवार को संभल तिराहे पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट के मोटर साइकिल सवारी को रोक कर हेल्मेट पहनने के लिए कहा। साथ ही उन्हें हेलमेट भी दिलवाया जिसमें नोडल अधिकारी शर्मिला उपाध्याय व सत्य प्रकाश शर्मा एवं सचिन हेड कांस्टेबल, शेखर कांस्टेबल आदि की उपस्थिति रही।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र जाने आलम को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में जाने आलम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नब्बन शाह पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी मौहल्ला झण्डे वाला पीपलसाना भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अजीम व पुत्रवधू श्रीमती उजमा को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती शाहजहां पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद हसन निवासी पक्का बाग बड़ी मस्जिद के पास गलशहीद, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ), महोदय, मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वाद सं:** 284/2015
**तारीख पेशी:** 09.01.2026
अजय कुमार पुत्र (स्वं.) डोरी सिंह नि. मकान नं. 351 सैक्टर-7-बी प्रथम तल आवास विकास कालोनी योजना-4, बुद्धि विहार फेज द्बितीय सेन्ट मेरी स्कूल के पीछे तहसील व जिला मुरादाबाद- **वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमति कुसुम आदि।
**2. जनता आम... विपक्षीगण।**
वादी अजय कुमार ने अपने स्व0 पिता डोरी सिंह की चल सम्पत्ति (लेखा अनुभाग जनपद न्यायालय मुरादाबाद में जमा 221,551 रूपये हेतू) की वावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतू आवेदन किया है। इस केस में 9/01/2026 तारीख लगी है। जिसे भी आपत्ति हो वह स्वंय अपने वकील के जरिए 10.30 पर कोर्ट में उपस्थित हो अन्यथा एक पक्षीय रूप से सुनवायी की जायेगी।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू. डि. ), मुरादाबाद।**

# समाधान दिवस में फूटा लोगों का गुस्सा

## नगर पालिका की लापरवाही से जीना हुआ दूभर, स्वच्छ भारत मिशन पर लगा पलीता, नगर पालिका के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला, वार्ड संख्या 18 की बदहाल स्थिति से त्रस्त सैकड़ों लोग सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे और नगर पालिका की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद की। मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं की जानकारी लेकर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। नगर पालिका परिषद वार्ड 18 के मोहल्ले वासियों का आरोप है कि क्षेत्र में कई महीनों से गंदगी, जलभराव और नालियों की दुर्दशा के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं



उठाया, जिससे लोगों को मजबूरन समाधान दिवस का सहारा लेना पड़ा। सभासद मोहम्मद आसिफ सैफी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष समाधान दिवस में पहुंचे और अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर के कई हिस्सों की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रही है। मोहल्ले के कुछ घरों के सामने इतना अधिक पानी भरा हुआ है कि लोगों को बाहर निकलने के लिए एक-दूसरे की छतों का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों का कहना है कि वे कई महीनों से नगर पालि. का के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि समाधान दिवस में दिए गए आश्वासन धरातल पर उतरते हैं या फिर लोग यूं ही बदहाल हालात से जूझते रहेंगे। वहीं, मोहल्ला बहेड़ा की बाहरी आबादी को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। लोगों का कहना है कि नगर पालिका इन क्षेत्रों को खेतों और नई प्लॉटिंग का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। यदि नगर पालिका की इन मकानों और वहां निवास करने वाले लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है, तो फिर उनसे हाउस टैक्स किस आधार पर वसूला जा रहा है।

साथ ही अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न किए जाने पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। समाधान दिवस में उठी इन गंभीर समस्याओं के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ठोस कदम उठाकर उन्हें इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाएगा।

## एक नजर

### मुरादाबाद ने जौनपुर को 19 रनों से किया पराजित 'रोहित बने मैन ऑफ द मैच'




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** लखनऊ में आयोजित बेसिक टीचर्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को मुरादाबाद की टीम ने जौनपुर को 19 रनों से पराजित कर दिया समुरादाबाद के कप्तान डॉ कपिल सिरोही टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में 157 रन बनाये,जिसमें रोहित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों पर 51 रन बनाये, निजाम ने 16 व अनिल गिल ने 13 रन बनाये जवाब में जौनपुर की टीम 138, रन बनाकर आल आउट हों गयी मुरादाबाद की तरफ से राजीव ने 4 विकेट,रोहित ने 3 व आशीष ने 2 विकेट लिए। रोहित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। यह ज्ञापन यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और सोनभद्र जनपद के किसानों से जुड़ी चकबंदी व भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिया गया।भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोनभद्र जनपद के महसावर गांव सहित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के रौनीजा गांव में किसानों की मांगों को लेकर पिछले लगभग छह माह से धरना चल रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी उपेक्षा के विरोध में आज प्रदेशव्यापी एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया, जिसके तहत सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

किसान यूनियन की प्रमुख मांगों में यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार अतिरिक्त मुआवजा व आवासीय प्लॉट दिए जाने, प्रभावित परिवारों को 20 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित करने तथा गौतमबुद्ध नगर सहित अन्य जिलों में सर्किल रेट बढ़ाने की मांग शामिल है। इसके अलावा तीनों प्राधिकरण क्षेत्रों में 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड, आबादियों का निस्तारण कर बैक लीज अथवा शिफ्टिंग की व्यवस्था की मांग भी उठाई गई।किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव, उपाध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली पर अंकुश लगाए जाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एकत्र हुए वहां पर पचायत का संचालन चौधरी मलखान सिंह ने किया। बाद में किसानों ने तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस पहुंच कर प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सोंपा। संपूर्ण समाधान में दिए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र की त्रिवेणी चीनी मिल के गन्ना खरीद केन्द्रो पर हो रही गन्ने की घटतोली, व फैक्ट्री द्वारा गन्ने का निर्धारित रेट होने के बावजूद किसानों से किराया कांटा जा रहा है जो अनुचित है ,इसे रोका जाए। त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल में गन्ना केन्द्रो पर अधिकारी और कर्मचारी मिलकर 3 से 4 प्रतिशत तक गन्ना कम तौल रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनेकों बार शिकायत करने के बाद भी घटतोली पर अंकुश नहीं लगाया गया। किसान यूनियन ने चेता. वनी दी कि यदि घटतोली बंद नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट पूरे देश में लागू कराए जाने की मांग की। साथ ही रामू वाला गणेश कि निकट चौराहे पर टूटी पुलियों की साइड काफी समय से क्षतिग्रस्त हैं उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। क्षेत्र के गांव मानपुर साबित जहांगीरपुर सुल्तानपुर दोस्त ,अदलपुर करणपुर मंडी समिति ठाकुरद्वारा के धान खरीद केदो पर किसानों का ध्यान नहीं खरीदा जा रहा जबकि लगातार धान खरीद केदो पर फिटिंग लगातार की जा रही है। साथ ही ज्यादातर किसानों का भुगतान अभी अटका हुआ है ,किसानों के धान का भुगतान तत्काल कराया जाए। गंझेड़ा आलम सरकड़ा करीम की नहरो की साईडो की सिंचाई विभाग से सफाई कराई जाए। डिलारी ब्लॉक क्षेत्र के ट्यूबवेल नंबर 40जून नूरपुर में स्थापित है उसकी सारी नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी है उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए।



ठाकुरद्वारा। संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी अयूब अली, गजेंद्र सिंह, अनूप सिंह, सत्यव्रत सिंह, मास्टर हरकेश सिंह ,सुशील चौधरी, विजेंद्र चौधरी, राजेंद्र यादव, उदय पाल सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सुमित चौहान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंज. लि योग समिति का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**मुरादाबाद।** पतंजलि के 31 वर्ष पूर्ण होने पर व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के 16 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस भारत स्वाभिमान जिला कार्यालय पर बडे ही धूमधाम से मनाया गया।

योग, आयुर्वेद, भारतीय ज्ञान सनातन परम्परा के ध्वजवाहक स्वामी रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी का जो सपना उन्होने देखा भारत को विश्व गुरु के रुप मे प्रतिष्ठित करने का , जो यात्रा शुरु की आज ही के दिन 1995 से तब से अब तक की यह यात्रा अखंड प्रचंड पुरुषार्थ और विकल्प रहित संकल्प के साथ अनवरत चल रही है। तथा देश के 650 जिला और तहसील स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक योग, आयुर्वेद, वैदिक ज्ञान, भारतीय शिक्षा , भारतीय चिकित्सा, भारतीय खान पान , भारतीय भेषज, भारतीय इतिहास के गौरव पर गर्व इसको लेकर आज मैकाले के पाप को साफ करने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन एक लम्बा इतिहास पतंज. लि का और लगातार जारी है।

### पूर्वांचल सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त ने की मीटिंग

**मुरादाबाद।** सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार की अध्यक्षता में पूर्वांचल सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिलाधिकारी कॉलेज कुमार सिंह , पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने महोत्सव को सफल, सुव्यवस्थित एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव पूर्वांचल की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं लोक कलाओं को मंच प्रदान करेगा, इसलिए इसकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा एवं आपातक. ालीन सेवाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक इंतजामों की जानकारी दी, वहीं जिलाधिकारी ने विभागीय दायित्वों के समयबद्ध निर्वहन पर जोर दिया। बैठक में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, अतिथियों के आवागमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा प्रचार-प्रसार की रणनीति पर भी चर्चा की गई। अंत में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि पूर्वांचल सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव को यादगार और भव्य बनाया जा सके।

## सहायक लेखाकारों के स्थानांतरण में खंड विकास अधिकारी के दोहरे रवैये पर सवाल उठने शुरू

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक ठाकुरद्वारा में दो सहायक लेखाकारों के स्थानांतरण के मामले में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के दोहरा रवैये का विषय बना है। आरोप है कि बीडीओ ने आंत. रिक लेखा विभाग, लखनऊ के आदेशों की अनदेखी करते हुए एक ही पद के दो कर्मचारियों के साथ दोहरा व्यवहार किया है। ब्लॉक ठाकुरद्वारा में तैनात दोनों सहायक लेखाकार पद तैनात नासिर हुसैन और अतीक अहमद का प्रमोशन होने के बाद आंतरिक लेखा विभाग द्वारा अलग-अलग जिलों में स्थानांतरण किया गया। नासिर हुसैन को चित्रकूट और अतीक अहमद को बुलंदशहर के ब्लॉक अनूपशहर भेजा गया। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद, बीडीओ ने केवल नासिर हुसैन को चित्रकूट जाने के लिए रिलीव किया, जबकि अतीक अहमद को रिलीव करने से इनकार कर दिया। इस एकतरफा कार्रवाई ने प्रशासनिक स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। प्रशासनिक सूत्रों के सामने अब यह सवाल है कि एक ही बीडीओ द्वारा एक ही पद के दो कर्मचारियों के साथ ऐसा भेदभावपूर्ण व्यवहार क्यों किया गया? क्या यह आंत. रिक लेखा विभाग के आदेशों की अवहेलना है?। चर्चा है कि अतीक अहमद के रिलीव न किए जाने का मामला अब जिला मुख्यालय तक पहुंच गया है और प्रशासनिक गलियारों में इसकी खूब चर्चा हो रही है। इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई के पीछे के कारणों को लेकर स्पष्टीकरण का इंतजार है। विभागीय नियमों के अनुसार, स्थानांतरण आदेश मिलने पर संबंधित कर्मचारी को तत्काल रिलीव किया जाना चाहिए। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने बताया कि ब्लॉक में तैनात नासिर हुसैन पर कोई चार्ज नही था, इसलिए रिलीव कर दिया गया है, ब्लॉक में छह का स्टाफ था, जिसमें नासिर हुसैन, अतीक अहमद और मेहंदी हसन को स्थानांतरण हो चुका है। अब मात्र एक ही कर्मचारी अनिल कुमार है। अतीक अहमद को भी कार्यालय में स्टाफ पूरा होने और क्षेत्र पंचायत का कार्य पूर्ण होने पर रिलीव कर दिया जाएगा,। जिलाधिकारी को भी ब्लॉक में कर्मचारियों की नियुक्त के लिए पत्र लिखा है। अभी अजय कुमार ने आकर चर्चा संभाला है , जिसमें वह भी तीन दिन ही ब्लॉक में तैनात रहेगें।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमनें अपनी पुत्री जसप्रीत कौर के अमर्यादित आचरण व गलत कृत्यों के कारण अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर अपनी समस्त चल/ अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए जितने भी भले-भूरे कार्य होंगे या जो भी लेन-देन होंगे उनकी वह स्वयं जिम्मेदार होगी। हमारी अथवा हमारे परिवार के बाकी सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामेल सिंह पुत्र करतार सिंह व बलविन्दर कौर पत्नी रामेल सिंह निवासीगण ग्राम रसूलपुर आबाद परगना व थाना-अफजलगढ़ तहसील धामपुर ( बिजनौर )।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद कसीम पुत्र श्री मुश्ताकीम को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (ऑक) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौहम्मद कसीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मुश्ताकीम अहमद पुत्र स्वर्गीय श्री फकीर मौहम्मद निवासी ग्राम रूस्तमपुर तिगरी तहसील व जिला मुरादाबाद।

# अस्पताल के बाहर जमकर हुआ हंगामा व मारपीट वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मूढ़ापांडे क्षेत्र अंतर्गत सक्टुनगला गांव से एक मामला सामने आया है, जहां एक लड़की के इलाज के दौरान अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और मारपीट हो गई।

आरोप है कि इलाज के समय अचानक लड़की पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और वहां मौजूद लड़के पक्ष के लोगों से कहासुनी के बाद उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इलाज के दौरान किसी बात को लेकर पहले तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के कई लोग मामूली रूप से घायल हो गए। अचानक हुई इस घटना से



अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों में दहशत फैल गई, वहीं कुछ समय के लिए इलाज व्यवस्था भी बाधित रही।घटना का एक वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट के दृश्य साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे मामला और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है।

सूचना मिलते ही थाना मूढ़ापांडे पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस विवाद की वास्तविक वजह और मारपीट शुरू करने वाले पक्ष की पहचान में जुटी है। इस घटना ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सर्दी के मौसम में नगर निगम की नई पहल, रोड सेफ्टी मॉडल से सड़क हादसों पर लगेगी लगाम

**मुरादाबाद।** सर्दी के मौसम में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मुरादाबाद नगर निगम ने एक सराहनीय और आधुनिक पहल की है। नगर निगम द्वारा शहर में रोड सेफ्टी मॉडल लागू करते हुए प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर रेडियम पट्टियां और बोलार्ड लगाए गए हैं, ताकि वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गदर्शन मिल सके और हादसों में कमी लाई जा सके।नगर निगम की इस पहल के तहत दिल्ली रोड, रामपुर रोड और कांठ रोड जैसे तीन प्रमुख मार्गों पर विशेष रूप से रेडियम पट्टियां लगाई गई हैं। ये पट्टियां कोहरे और अंधेरे में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देंगी, जिससे चालकों को सड़क की दिशा और किनारों का सही अंदाजा मिल सकेगा। इसके साथ ही सड़क के डिवाइडर और संवेदनशील स्थानों पर बोलार्ड लगाए गए हैं, जो दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक होंगे। अधिकारियों के अनुसार, सर्दियों में कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इस नई व्यवस्था से वाहन चालकों को पहले से ही रास्ते की जानकारी मिल सकेगी और वे अधिक सुरक्षित तरीके से वाहन चला सकेंगे।शहरवासियों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। नगर निगम का कहना है कि भविष्य में अन्य प्रमुख मार्गों पर भी इस रोड सेफ्टी मॉडल को लागू किया जाएगा, ताकि शहर को सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाया जा सके।




# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया गया जोर

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक सोमवार को डबल फाटक, दस सराय करबला स्थित नवीन जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। यह संगठन के वर्तमान सत्र की प्रथम मासिक बैठक रही, जिसमें जिले भर से सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी ने की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा आने वाले चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को विभिन्न संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।




बैठक के दौरान पार्टी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी वितरण किया गया, जिसमें पार्टी की विचारधारा, नीतियां, उपलब्धियां और संगठन की दिशा का उल्लेख किया गया है। पुस्तक वितरण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना रहा।कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का, संगठन मंत्री अमित चौधरी, प्रमुख महासचिव गौरव कुमार, महानगर प्रभारी अशोक सैनी, महानगर महासचिव कुक्कू चौधरी, मोनू सैनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संहिल कात्याल, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश वर्मा, मीडिया प्रभारी मोहित ठाकुर सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।अंत में जिला अध्यक्ष रवि चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है।

# बांग्लादेश में नहीं होगा IPL का प्रसारण



● सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी ब्रॉडकास्टर्स को प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया।

यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्राालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बांग्लादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए। यह निर्देश उचित अधिकारियों की मंजूरी से जनहित में जारी किया गया है।

## खेल मंत्री के अनुरोध पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लिया फैसला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा था कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण निलंबित किया जाए। इसके एक दिन बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आईपीएल का प्रसराण निलंबित करने का फैसला लिया।

बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा, मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईपीएल के लिए बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बीसीसीआई के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद आहत, दुखी और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा।

इससे पहले, रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट किया था कि वह अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। फिलहाल आईसीसी ने बीसीबी की मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता



**मुंबई, वार्ता।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा कि पिछल 10 वर्षो में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बघ हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा।

जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा कि नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रांची रॉयल्स को हराकर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

**रांची, वार्ता।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए पेनी स्क्विब ने (पहले) और ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में गोल दागे। जबकि रांची रॉयल्स के लिए अलोंसो ने (35वें) मिनट में गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार शुरुआत की, पहले ही मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। मिनट में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहला क्वार्टर 1-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

### बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप: 13 शहरों में होंगे 19 टूर्नामेंट

**गुरुग्राम, वार्ता।** बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के 16वें संस्करण में देश भर के 13 शहरों में 19 टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे। बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने सोमवार को बीएमडब्ल्यु गोल्फ कप 2026 के 16वें एडिशन का कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 सीजन का विस्तार किया है जिसके तहत 13 शहरों में 19 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, इसमें देश भर के 2,200 से अधिक शौकिया गोल्फर हिस्सा लेंगे। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम के शानदार गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। ओमेगा, एतिहाद, टेलरमेड, बैलेंटाइन और एचएसबीसी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साझेदार होंगे।

# पीटीपीए से अलग हुए नोवाक



● नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पीटीपीए से अलग होने की घोषणा कर दी

**बेलग्रेड, वार्ता।** सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अगल होने की घोषणा कर दी है। जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्रा आवाज मिली। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे मूल्य और दृष्टिकोण अब संगठन की मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने टेनिस, अपने परिवार और खेल में ऐसे तरीकों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखूंगा जो मेरे सिद्धांतों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। मैं खिलाड़ियों और इसमें शामिल लोगों को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए, यह अध्याय अब बंद हो गया है। पिछले वर्ष मार्च 2025 में पीटीपीए और कई खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीकों और खिलाड़ियों कल्याण की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाते हुए एटीपी, डब्ल्यूटीए, आईटीएफ और आईटीआईए समेत अन्य संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, जिसे एटीपी और डब्ल्यूटीए द्वारा खारिज कर दिया।

# एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को हराया





● युगल राउंड ऑफ-16 मुकाबले में एला व इवा जोविक ने विलियम्स और स्वितोलिना की जोड़ी को 1:29 मिनट तक चल मैच में 7-6, '7', 6-1 से हराया

औकलैंड, वार्ता। एलेक्जेंड्रा एला- इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। यहां खेले गए युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा कि मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं। मैं बहुत खुश हूं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# अय्यर होंगे अब होंगे मुंबई के कप्तान

### एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अय्यर को ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट, सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।



विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।

अय्यर पिछले अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने की प्रयास करते समय चोटिल होने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मंगलवार का मैच तीन महीने से ज्यादा समय में उनका पहला मैच होगा। मुंबई फिलहाल ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे अपना अगला लीग मैच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ और आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ खेलेंगे, दोनों मैच जयपुर में होंगे।

### ह्यूबर्ट हर्काज ने ज्वेरेव को हराया

**सिडनी, वार्ता।** पोलैंड के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हरकाज ने चोट से उबरते हुए सात महीनों के बाद सोमवार को यूनाइटेड कप में शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दिया है। यहां खेले गए मुकाबले में ह्यूबर्ट हरकाज ने जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

मैच के बाद ह्यूबर्ट हरकाज ने कहा कि काफी समय हो गया है जब मैंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। मेरा मतलब है, सात महीने, मैं टीम के साथ मुश्किल दौर से गुजर रहा था और यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वे सब मेरा सपोर्ट कर रहे थे। हमने काफी लंबा समय बिना प्रतियोगिता के बिताया और हमें नहीं पता था कि हम कब दोबारा कोर्ट पर वापस आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था।

# बीसीसीआई ने पटौदी को 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई ने सोमवार को भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान, महान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर याद कर रहे हैं। प्यार से टाइगर पटौदी के नाम से जाने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। पांच जनवरी 1941 को उनका जन्म हुआ था। वह 21 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान बने। वह 'सबसे महान कप्तानों में से एक' थे। 1961 में इंग्लैंड में एक कार एक्सीडेंट में अपनी दाहिनी आंख की रोशनी खोने के बावजूद पटौदी ने सिर्फ छह महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की और अपने खेले गए 46 टेस्ट में से 40 में भारत की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीती। एक बल्लेबाज के तौर पर, पटौदी ने टेस्ट क्रिकेट में 34.91 की औसत से 2,793 रन बनाए, जिसमें छह शतक शामिल हैं। टेस्ट इतिहास में नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक (554) गेंदें खेलने का रिकॉर्ड पटौदी के नाम है।



● एक टेस्ट में सबसे अधिक 554 गेंदें खेलने का रिकॉर्ड मंसूर अली खान पटौदी के नाम दर्ज

# भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने द. अफ्रीका 245 के स्कोर पर रोका



● टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**दक्षिण अफ्रीका, वार्ता।** किशन सिंह (चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को दूसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवरों में 245 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेसन राउल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाए। जेसन राउल्स ने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे एक ओर से जहां दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते जा रहे थे, जेसन राउल्स एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। डेनियल बोसमैन (31), अदनान लगादीन (25), अरमान मनैक (16), कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (14) और जोरिख वान स्कालक्वेक 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने 49.3 ओवर में 245 रनों के स्कोर पर सिमट गई। भारत की अंडर-19 टीम के लिए किशन सिंह ने चार विकेट लिए। अमब्रिश को दो विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जो रूट का शतक के साथ इंग्लैंड ने बनाए 384 रन

● जो रूट ने 242 गेंदों में 15 चौकों की मद् द से 160 रनों की शानदार पारी खेली

**सिडनी, वार्ता।** जो रूट (160) की शतकीय और हैरी ब्रूक (84) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ने इंग्लैंड ने एशेज के पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन 384 का स्कोर खड़ा करने के बाद स्टंप्स के समय तक ऑस्ट्रेलिया के 166 रन पर दो विकेट झटक लिए। यहां इंग्लैंड के कल के तीन विकेट पर 211 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में 226 के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट हैरी ब्रूक के रूप में गिरा। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। 229 के स्कोर पर इंग्लैंड को पांचवां झटका मिचेल स्टार्क ने कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) को आउट कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। जो रूट ने लंच से पहले 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर अपना 41वां शतक पूरा किया। उन्होंने 242 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। 75वें ओवर में मार्नस लाबुशेन ने जेमी स्मिथ (46) को अपना शिकार बना लिया। विल जैक्स (27) रन बनाकर आउट हुए। 98वें ओवर में माइकल नीसर ने जॉश टंग (शॅन्य) को बोल्ड कर 384 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन और मार्नस लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जेक वेदरॉल्ड की जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 13वें ओवर में बेन स्टोक्स ने जेक वेदरॉल्ड (21) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। 31वें ओवर में स्टोक्स ने मार्नस लाबुशेन (48) का शिकार कर इंग्लैंड की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 166 रन बना लिए है और हेड (नाबाद 91) और नीसर (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया अभी भी इंग्लैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 218 रन पीछे है।



## रूट ने 41वें टेस्ट शतक के साथ पोंटिग के रिकॉर्ड की बराबरी की

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपना 41वां शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग के रिकार्ड की बराबरी कर ली और पुरुषों के टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, पहले दिन खेल जल्दी खत्म होने के बाद 72 रन से आगे खेलते हुए, रूट ने शांत और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भोजनकाल के बाद 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक रूट का मौजूदा दौरे का दूसरा शतक है जिसने ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया। इस शतक के साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिग (41) की बराबरी कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसस मामले में भारत के सचिन तें. दुलकर (51) शतकों के साथ पहले जैक कैलिस (45) शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# मझोला पुलिस ने चार माह से लापता किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस की सतर्कता और निरंतर प्रयासों से चार माह से लापता 15 वर्षीय किशोर को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। जानकारी के अनुसार सुरेश उर्फ सूरज पुत्र दिलीप, निवासी मोहल्ला ब्रह्मपुरी, जयंतीपुर, थाना मझोला, बीते वर्ष 08 अगस्त 2025 की शाम करीब 4 बजे पारिवारिक नाराजगी के चलते घर से बिना बताए चला गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद जब किशोर का कोई सुराग नहीं लगा तो थाना मझोला में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए जयंतीपुर चौकी प्रभारी नीतेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में मुख्य आरक्षी जय प्रकाश, आरक्षी हिमांशु आर्य, आरक्षी विवेक तोमर एवं आरक्षी नितिन कुमार शामिल रहे। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और लगातार प्रयासों के आधार पर किशोर की तलाश तेज की।जांच के दौरान पुलिस



को जानकारी मिली कि किशोर दिल्ली चला गया था, जहां वह एक किराना की दुकान पर काम कर रहा था।पुलिस द्वारा संपर्क स्थापित किए जाने के बाद किशोर को दिनांक 04 जनवरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। किशोर ने पुलिस को बताया कि उसके साथ किसी प्रकार की कोई अनहोनी या अपराध नहीं हुआ। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद किशोर को उसके परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटे को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। स्थानीय लोगों ने मझोला पुलिस की मानवीय, संवेदनशील और सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुमशुदा बच्चों की तलाश पुलिस की प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई की जाती है।

## आवारा कुत्तों का आतंक, कई लोगों पर हमला कर किया जख्मी

**मुरादाबाद।** शहर और ग्रामीण इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है।अलग-अलग क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड ने राहगीरों पर अचानक हमला कर दिया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।शहर में आवारा कुत्तों का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि अब दिन के समय भी सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया है। बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही इन घटनाओं से पूरे शहर में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं और अकेले पैदल या दोपहिया वाहन से गुजरने वालों पर हमला कर देते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन गई है।

शहरवासियों ने नगर निगम और प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि आक्रामक आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए और उनकी नसबंदी कराई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**मुरादाबाद।** सोमवार को तहसील सदर परिसर में आयोजित "सम्पूर्ण समाधान दिवस" के अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस एवं प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल



ने पुलिस से संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने भूमि विवाद, आपसी विवाद, मारपीट, महिला उत्पीड़न और अन्य शिकायतों में निष्पक्ष जांच कर त्वरित समाधान के आद. ेश दिए।समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि "सम्पूर्ण समाधान दिवस" शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का सीधा और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

# संकट चौथ पर्व पर माताएं संतान की लंबी आयु के लिए रखेंगीं निर्जला व्रत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र में 6 जनवरी यानी आज सकट चौथ का पर्व मनाया जाएगास यह सनातन धर्म में माघ महीने की चतुर्थी को मनाया जाता है। इसे संकष्टी चतुर्थी,



तिलकुट चौथ भी कहा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार, माघ मास की इसी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश ने अपने जीवन का सबसे बड़ा संकट टाला था और अपनी बुद्धि का लोहा मनवाया था। इसी दिन उन्होंने अपने माता-पिता (शिव-पार्वती) की परिक्रमा कर यह सिद्ध किया था कि माता-पिता के चरणों में ही समस्त ब्रह्मांड का वास है। भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, यानी दुखों को हरने वाले। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से गणेश जी प्रसन्न होते हैं और संतान पर आने वाले सभी संकटों को दूर कर देते हैं, इसीलिए इसे सकट चौथ कहा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 06 जनवरी को सुबह 08 बजकर 01 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 07 जनवरी को सुबह 06 बजकर 52 मिनट पर होगा। इस वजह से 06 जनवरी 2026 को सकट चौथ का व्रत रखा जाएगा। महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रक्खेंगी और शाम को चंद्रमा को अर्द्ध देने के बाद ही व्रत खोलेंगी। पूजा में तिल और गुड़ के लड्डु (तिलकुट) का भोग गणेश जी को लगाया जाएगा।

# नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर डीएम और एसएसपी ने बालिकाओं को साइकिलें की वितरित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित एक सराहनीय कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान गरीब व जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी शिक्षा तक पहुंच आसान हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें।इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के समग्र विकास की नींव है। साइकिल जैसी पहल से बच्चियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही वे अपने सपनों को साकार कर सकती हैं और एक सशक्त भविष्य का निर्माण कर सकती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित बालिक. ाओं के चेहरों पर साइकिल पाकर खुशी साफ झलक रही थी। अधिकारियों ने सभी बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन में रहने और अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट की अध्यक्षा अल्पना रितेश गुप्ता ने जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंद बालिक. ाओं को शिक्षा एवं संसाधनों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एक नजर

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को मैजिक ने टक्कर मारी गंभीर रूप से घायल



**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के हाईवे पर जीरो पॉइंट के निकट गांव तेवरखास निवासी शमीम अहमद (60) कुंदरकी से घर जाते समय सड़क पार कर रहे थे, तभी बिलारी की तरफ जा रहे मैजिक का चालक शमीम अहमद को टक्कर मार मौके से भाग निकला। टक्कर लगते है शमीम अहमद लहूलुहान स्थिति में सड़क पर गिर पड़े, जिन्हें राहगीरों ने आनन-फनान में कुंदरकी अस्पताल भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैजिक चालक तेज रफ्तार में मैजिक चलाकर ला रहा था, जिस कारण शमीम अहमद के निकट पहुंचने पर समय से ब्रेक नही लग सके। वहीं घटना के बाद चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन बिलारी थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर चालक को तहसील के निकट रोक लिया। जिसके बाद शमीम अहमद के परिजन भी थाने पहुंच गए।

### निर्विरोध राशन डीलर चुनी गई गुलिस्ता



**कुंदरकी।** विकास खंड कुंदरकी के गांव कमालपुर फतेहाबाद में सोमवार को आयोजित कोटे के आवंटन में निर्विरोध प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमे गांव निवासी गुलिस्ता पुत्री रियाजुल हसन को नया राशन डीलर चुना गया। इससे पूर्व कोटा अस्थायी रूप से भीकनपुर व डोमघर से अटैच था। ग्रामीणों की सर्वसम्मति से चयन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान सचिव सुरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पति आफताब आलम सहित राहिल, रियाज आलम, शाबाबुल हुसैन, वसीम, रेहान, मोनिस, गुफरान, मनोहर, लोचन सिंह, अमरपाल, मुकेश और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुई और ग्रामीणों ने नए डीलर के चयन पर सहमति जताई।

### उत्तराखंड में अंकिता भंडारी मामले को लेकर महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन




**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा में उत्तराखंड के अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्या मामले में दोषियों को सख्त सजा दिलवाने की मांग को लेकर कांग्रेस की महिला इकाई ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक बड़ा मशाल जुलूस निकाला गया। सोमवार को प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर किया गया। जिला अध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में महिला कार्यकारिणी ने एकत्र होकर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग को तेज किया। उन्होंने दृढ़ता के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए न्याय के लिए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अंकिता भंडारी मामले में न्यायिक प्रक्रिया तेज की जाए और दोषियों को शीघ्र कड़ी से कड़ी सजा मिले। साथ ही, राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। प्रदर्शन में डॉ. सदफ समान, सोफिया, खदीजा, रेशमा, रेखा सहित क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# कमिश्नर ने किया अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के द्वारा प्रकाशित पंचांग का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 के पंचांग का विमोचन मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। पंचांग विमोचन कार्यक्रम में मंडल आयुक्त ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पंचांग के 12 पृष्ठों में "स्वत्व" को आधार बनाकर भारतीय मनीषियों एवं महापुरुषों के अनुभव कथनों को संजोया गया है, जो विकसित भारतख्र2047 के लक्ष्य की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध होंगे।मंडल आयुक्त ने कहा कि स्वदेशी पंचांग का धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक महत्व अत्यंत व्यापक



है। इसके माध्यम से शुभ-अशुभ मुहूर्त, पर्व-त्योहारों की तिथियां, ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति, सूर्योदय-सूर्यास्त तथा कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त समय की जानकारी मिलती है, जिससे जीवन को सही दिशा और समृद्धि प्राप्त होती है। उन्होंने इसे भारतीय ज्योतिष और खगोल विज्ञान का अभिन्न अंग बताया।शैक्षिक महासंघ द्वारा प्रस्तुत 2026 का यह पंचांग "स्वत्व" के आधार पर स्वदेशी स्वभाव और आचरण को बढ़ावा देने वाला है, जिसमें भारत की सनातन परंपरा से लेकर वर्तमान तक के भारत हित चिंतक महापुरुषों के विचारों को संकलित किया गया है।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, प्रदेश मंत्री डॉ. अनिल कुमार, मंडल उपाध्यक्ष मेजर सुदेश कुमार भटनागर, जिला अध्यक्ष माध्यमिक संवर्ग डॉ. राजीव मोहन सिंह, जिला मंत्री डॉ. विशेष कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार राम, जिला संगठन मंत्री मुशाहिद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, मीडिया प्रभारी जसदेव सिंह आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज में दो लाख रुपये की मांग का विरोध करने पर मारपीट कर तीन तलाक देकर पति ने घर से निकला

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में दो लाख रुपये की मांग का विरोध करने पर पति में ससुराल वालों ने मारपीट कर पति से तीन तलाक दिलाकर घर से निकाल दिया । विवाहिता ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम पुराना बाजार शरीफनगर निवासी विवाहिता ने शिकायती पत्र में कहा कि उसका निकाह 8 मई 2025 को जिला ऊधमसिंह नगर के थाना जसपुर के मोहल्ला जुल्हान निवासी मोहम्मद आरिफ से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। शादी मे माता-पिता परिजनों ने अपनी हैसियत से अधिक घरेलू सामान, जेवरात व करीब 1 लाख 86 हजार रुपये नकद दिए थे। इसके बावजूद शादी के कुछ ही समय बाद पति, सास-ससुर, ननद व अन्य परिजन दहेज से असंतुष्ट होकर अतिरिक्त दो लाख रुपये की मांग करने लगे। जब उसने विरोध किया तो पति, सास ,ससुर, ननद ने मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना की गई। कई बार जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका ससुर शराब के नशे में उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। 14 सितंबर 2025 को ससुर द्वारा घर आकर मारपीट करने का भी आरोप लगाया । जिसकी शिकायत पुलिस चौकी जसपुर में की गई थी। पीड़िता के अनुसार समझौते का दबाव बनाकर उसे ससुराल में रखा गया, लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। अंततः 3 जनवरी 2026 को ससुराल पक्ष ने उसके पति से मारपीट कराकर एक साथ तीन तलाक दिलवाकर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी उसने थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना-पत्र दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि उसके पति व ससुराल पक्ष के सभी दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

## हजरत रोशन मियां की मजार पर कुल शरीफ का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चाँद की 14 तारीख को गलशहीद स्थित हजरत रोशन मियाँ की मजार पर कुल शरीफ का आयोजन किया गया। सज्जाद नसीन हाफिज अंजार साहब और हाफिज इंतेजार साहब ने कुल शरीफ पढ़ाकर दुआ कराई, देश की तरक्की और शांति व सौहार्द के लिए दुआ की गई।दुआ के दौरान उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द, मोहब्बत और इंसानियत को मजबूत बनाए रखने की अपील की। कुल शरीफ में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और मजार पर चादरपोशी कर अपनी मन्नतें मांगीं।हजरत रोशन मियाँ के कुल शरीफ में प्रमुख रूप से हाफिज अनजार साहब, हाफिज इंतेजार,मेहफज खां,विनोद कुमार विकल एडवोकेट,सुहैल खां (पूर्व पार्षद, नगर निगम मुरादाबाद)जावेद सलीम,शफीक खां, रफत खां, शाजिद अली, सादाब चौधरी, कामरेड असलम खां, शाहिद हुसैन, मोहम्मद अहमद इनामुल्लाह, नदीम खां,वसीम खां,इंतेजार,छोटे खां, गुड्डू खां आदि शामिल रहे।

# एसएसपी ने अभ्यार्थियों का रिजर्व पुलिस लाइन्स में चल रही भर्ती प्रक्रिया का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एसएसपी व एसपी सिटी के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही सीधी भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स में चल रही प्रचलित उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने



अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए पंजीकरण काउंटर, दस्तावेज सत्यापन कक्ष, शारीरिक परीक्षण स्थल, मेडिकल सहायता, पेयजल, छाया एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।एसएसपी सतपाल अंतिल ने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए, जिससे किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार ही परीक्षण किया जाए।पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्धता एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभ्यर्थियों को आवश्यक जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने और भर्ती प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं से अभ्यर्थियों में संतोष देखा गया।



## सम्पादकीय

मंगलवार, 6 जनवरी 2026

# जीवन पर संकट

देश की राजधानी दिल्ली से वायु गुणवत्ता को लेकर अच्छी खबर नहीं आ रही है। हालांकि गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि यहां की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जो सवेरे आठ बजे तक के लिए जारी किया गया है, वह दर्शाता है कि दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 260-262 तक रहा है। जोकि चिंताजनक है। अक्षरधाम की बात करें तो वहां एक्यूआई 293 रिकॉर्ड किया गया, हालांकि सबसे खराब हालत आनंद विहार में देखी गई, जहां यह 320 रहा। चांदनी चौक बेहद प्रसिद्ध स्थल है, वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दिखाई दिया यहां एक्यूआई 337 रहा। इसके चलते दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानें प्रभावित रही। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा से पहले उड़ान का शेड्यूल जांच करने की सलाह दी है। उनके अनुसार शांत हवा में अधिक नमी के कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लगातार बनी रहने वाली धुंध बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा सकती है। दिल्ली सरकार ने भी साफ किया है कि उल्लंघन या कानूनी नियमों का पालन ने करने के कारण कंस्ट्रक्शन और डिमोलेशन साइटों को बंद करने का आदेश दिया गया, उन्हें आयोग की स्पष्ट मंजूरी के बिना दोबारा काम शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मतलब दिल्ली सरकार दिल्ली में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन जो जमीनी स्तर पर हालात हैं, उन पर किसी तरह का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वायु गुणवत्ता बराबर खराब स्थिति में बनी हुई है। जाहिर है, जब सर्दी का मौसम अपने शबाब पर हो, तो यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि इसी समय दिल्ली की स्थिति वायु गुणवत्ता के मामले में खराब बनी हुई है, लेकिन यह सब लंबे समय से हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आखिर दिल्ली सरकार वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रही है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि पर्यावरण का मुद्दा अपने भारत में इतनी अहमियत नहीं रखता जितनी विदेशों में रखता है। इसे भारतवंशी लोग इतनी गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि थोड़े से हालात अब बदले हैं और लोगों ने पर्यावरण को लेकर अब आकर चिंता व्यक्त करना शुरू किया है, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकारें भी पर्यावरण को लेकर बातें भले ही कितनी बड़ी-बड़ी करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इतनी गंभीरता से काम नहीं करती, जितनी काम करने की आवश्यकता है। कोई भी समझ सकता है जब देश की राजधानी का यह हाल है, तो देश के अन्य शहरों और गांवों का क्या हाल होगा। यूं भी यह समस्या कोई किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे भारत की है और जरूरत आज इस पर गंभीरता से काम करने की है।

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़



राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का योगदान सराहनीय है, इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ हैं, एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है, यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विक. सित भारत 2047 की रीढ़ हैं, ऑपरेशन सिदूंर के दौरान लगभग 72,000 कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी, जिससे संकट की घड़ी में राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता स्पष्ट होती है। **सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

# ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय!

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होने वाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिए बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है, चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधान अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि प्राप्त



ई-साधानों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाए, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है।

इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधान अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी अफ़ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण सॉफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधान करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधान से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रलय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं, लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है। भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधान नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा द्धप्रबंधानत्रऋ नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

**...साभार**

# वेज डिशेस में मिलेगा नॉनवेज डिश का टेस्ट

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों को नॉनवेज डिशेस देख कर वैसे ही मसालेदार, चटपटी, तीखी डिश खाने का मन करता है, लेकिन वो वेजिटेरियन होने के नाते उसे खा नहीं पाते। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी वेजिटेरियन डिशेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप नॉनवेज की तरह बनाकर खा सकते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें तीखा, स्पाइसी और मसालेदार खाने का मन होता है तो जानिए कुछ ऐसी वेज डिशेस के बारे में जिसमें आप नॉन वेज का मजा ले सकते हैं।



### वेज कीमा

वेज कीमा को आप मसालेदार नॉनवेज डिश की तरह बना सकते हैं। इसे पनीर और बाकी सब्जियों के साथ बनाया जाता है।

### वेजिटेबल टिक्का मसाला

नॉनवेज डिश की तरह आप वेजिटेबल टिक्का मसाला बना सकते हैं। आप इसे कई तरह के वेजिटेबल्स और पनीर से बना सकते हैं।

### काजू कोरमा

काजू कोरमा की डिश आपको नॉनवेज डिश की तरह ही लगेगी। काजू, क्रीम और ग्रेवी बनाने वाली चीजों के साथ आप काजू कोरमा बना सकते हैं।

### सोया चाप

सोया चाप भी आपको नॉनवेज डिश का टेस्ट देगा। सोया चाप को ग्रेवी के साथ बना सकते हैं।

### पनीर बटर मसाला

चिकन बटर मासाला का नाम तो आपने सुना होगा लेकिन बटर और पनीर की मदद से आप नॉनवेज टेस्ट जैसा पनीर बटर मसाला बना सकते हैं।

## डायबिटीज रेसिपीः शुगर फ्री पिंडखजूर के रोल

**सामग्री**- 500 ग्राम पिंडखजूर, 1 कटोरी सिंकी और पिसी हुई तिल, दो बड़े चम्मच ताजी मलाई, 1 कप काजू, बादाम, पिस्ते की कतरन तथा थोड़ी-सी खसखस।

**विधि**-सबसे पहले पिंडखजूर की गुठली निकाल. कर टुकड़े-टुकड़े कर लें। अब कड़ाही में मलाई गरम करके उसमें पिंडखजूर के टुकड़े डालें व हिलाती रहें। पिंडखजूर गल जाने पर उसमें पिसी हुई तिल, मेवे की कतरन डालकर गैस बंद कर दें। इस मिश्रण को एक थाली में लेकर अच्छी तरह मिलाएं और 2-3 बड़े-बड़े रोल बना लें।

अब एक थाली में थोड़ी-सी खसखस फैला दें। फिर बने हुए रोल को खसखस पर लपेटें और एक प्लास्टिक शीट में लपेटकर फ्रिज में रख दें। 2-3 घंटे बाद बाहर निकाल कर शीट हटा दें व चाकू से मनचाहे आकार में पीसेस काट लें। यह मिठाई खाने में लाजवाब और कई दिनों तक खराब नहीं होती है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।



# जीवन में दुखभरे मोड़ के बाद फिर से ऐसे करें नई राह की शुरुआत

लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते से अलग होना मुश्किल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा मुश्किल क्या है? डेटिंग की दुनिया में वापस लौटना। यह अजीब, अपरिचित और बिल्कुल डरावना लग सकता है। एक पल में, आप अपने नए साथी की बाहों में लिपटे हुए होते हैं, और अगले ही पल, आप अपने पिछले रिश्ते की यादों में खो जाते हैं। आप अपना सिर उनके कंधे पर टिकाना चाहते हैं, लेकिन फिर, अचानक, एक बुरे लगाव की दर्दनाक याद सामने आ जाती है।

हम जानते हैं कि यह डरावना है और हम यह भी जानते हैं कि लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के टूटने से आगे बढ़ना मुश्किल है। ब्रेकअप के बाद आगे बढ़ना ऐसा महसूस करा सकता है जैसे आप अपने साथ आत्म-संदेह, चिंता और यहां तक कि अवसाद का बोझ भी ढो रहे हैं। खुद से सवाल करना और यह सोचना कि क्या आप कभी फिर से श्सामान्यश महसूस कर पाएंगे, सामान्य है, लेकिन बात यह है कि उम्मीद है। आप इससे आगे बढ़ सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ फिर से डेटिंग शुरू कर सकते हैं। यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं।


सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।

**डेटिंग से सीखने की कोशिश करें**

डेटिंग का मतलब अपने एक्स के द्वारा छोड़े गए खालीपन को भरना या सेक्स करना नहीं है, यह इन चीजों से कहीं ज्यादा है। जब आप डेट करने के लिए तैयार हों तो सुनिश्चित करें कि आप जीवन और प्यार के नए .ष्टिकोण सीखने के लिए अपना दिमाग खोलें। एक्सपर्ट कहते हैं कि खुद को डेटिंग के लिए खोलना आपको इस सोच में डाल सकता है, मैं कुछ अच्छे लोगों से मिलने जा रही हूं। उनमें से कुछ मेरे दोस्तों को बाद में बताने के लिए एक मजेदार कहानी होगी, और शायद कोई मेरा अगला प्रेमी बन जाए, और मुझे उन दोनों से कोई परेशानी नहीं है। डेटिंग से पहले अकेले वो करें जो आपको पसंद है-डेट पर जाने से पहले ऐसी गतिविधियों से शुरुआत करें जो आपको अकेले में पसंद हों। फैंसी रेस्टोरेंट या भीड़-भाड़ वाले बार हमेशा पहली डेट के लिए आदर्श नहीं होते, खासकर तब जब आप पहले से ही नर्वस महसूस कर रहे हों। एक्सपर्ट ने कहा कि पहली डेट पर जाना बहुत ज्यादा खर्चीला या आपके कम्फर्ट जोन से बाहर होना जरूरी नहीं है। ऐसी जगहों पर जाएं जहां आप सहज महसूस करें। अगर आपको खाने-पीने का शौक है, तो अपनी पसंदीदा स्थानीय जगह पर जाएं। अगर आपको किताबों की दुकानें पसंद हैं, तो किसी आरामदायक कैफे में चाय पिएं और अलमारियों को ब्राउज करते हुए बातचीत करें। परिचित वातावरण चुनने से अनुभव कम डरावना लग सकता है और आपको आराम करने में मदद मिल सकती है।

**ईमानदार होना आपकी कमजोरी नहीं है**

याद रखें, ईमानदार होना ठीक है। अगर आप नर्वस महसूस कर रहे हैं तो आपको ऐसा व्यवहार करने की जरूरत नहीं है कि आप पूरी तरह से सहज हैं। डॉ. ले गोय कहते हैं, डेट को यह बताना बिल्कुल ठीक है कि आप इस मामले में नए हैं और पूरी तरह से सहज नहीं हैं।श खुलकर बात करने से आप दोनों के लिए चीजें आसान हो सकती हैं। वे आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप चुप या चिंतित क्यों हैं। साथ ही, वास्तविक होना आपको आराम करने में मदद करता है, और अगर आप खुद नहीं हो सकते, तो इसका क्या मतलब है?



**यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।**

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद की बर्बाद हो रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गए 32 क्यूबाई

- सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए
- इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे

नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे। ट्रम्प ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों 'बहुत बीमार' देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को 'एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोक.ेन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है।

## ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाशत नहीं करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर हमारी करीबी नजर है।

पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा। एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है। करीब 222 जगहों पर प्रदर्शन और हड़ताल जारी हैं। छात्रों में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रोश के बीच कुल मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के डाटा के अनुसार, पिछले आठ दिनों में कम से कम 19 नागरिक और सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया है और कम से कम 51 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें ज्यादातर छर्रे और रबर की गोलियों से घायल हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने और कई इलाकों में लगातार टकराव के बावजूद, विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



कोलकाता। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताते व अपने अभभावकों के साथ टॉलीगंज आदर्श हिंदी हाई स्कूल के बाहर जमा छात्र व छात्राएं।

## वेनेजुएला में 32 नागरिकों के मारे जाने पर क्यूबा में राष्ट्रीय शोक की घोषणा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान मारे गए 32 स्वदेशी नागरिकों के सम्मान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी वीरता क्यूबा के लोगों की एकता और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला अभियान पर सांसदों को ब्रीफिंग देगा, डेमोक्रेट्स ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी सोमवार को चुनिदा सांसदों को वेनेजुएला में चलाए गए उस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देंगे जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। समाचार पत्र द हिल ने बताया, 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' पर यह ब्रीफिंग कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन शामिल हैं। ब्रीफिंग कैपिटल हिल पर शाम 5:30 बजे निर्धारित है। हाउस डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीज ने ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज कर दिया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई एक कानून प्रवर्तन ऑपरेशन था। उन्होंने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी थी। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इस ऑपरेशन के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं थी, क्योंकि यह न तो आक्रमण था और न ही कब्जा, बल्कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने का एक कानून प्रवर्तन मिशन था।

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

## कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं: धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है। ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है।

मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। डेनमार्क पीएम बोली: अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं ह। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है। फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं। डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले कि हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लो. कतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'जल्द ही'। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गति. विधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।




- अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है

## रूस तेल आयात को लेकर ट्रम्प ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद सामने आया है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ने हिरासत में लिया था। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल भू-राजनीति पर दुनिया का ध्यान खींचा है। ओपेक के आंकड़ों के अनुसार वेनेजुएला के पास 300 अरब बैरल से अधिक का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, जो वैश्विक भंडार का लगभग 17 से 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के आयात शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के बाद से मोदी और ट्रम्प के बीच तीन बार बातचीत हुई है।

## मादुरो के बेटे बोले: इतिहास बताएगा गद्दार कौन

**कराकस।** वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। स्थानीय दैनिक एल-कोआपरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन हैं, गुएरा का यह बयान अमे. रिकी सैन्य अभियान के बाद आया है। दरअसल अमेरिकी सैना ने उनके पिता और प्रथम महिला सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयार्क लाया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आडियो रिकार्डिंग में, मादुरो गुएरा ने सत्तारूढ़ आंदोलन के भीतर संभावित विश्वासघात की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उन लोगों को बेनकाब करेगा, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे, इतिहास इसका खुलासा करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भीतर एक आंतरिक साजिश की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी आफ वेनेजुएला (पीएसयूवी) के सदस्य मादुरो गुएरा ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बावजूद पार्टी एकजुट रहेगी। उन्होंने समर्थकों से 4 और 5 जनवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया। ताकि नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुटता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने

- वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है

बाहरी आक्रमण का जवाब देने के लिए राजनीतिक और सैन्य समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकोलस मादुरो इस समय अमेरिकी हिरासत में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंदोलन विभाजन या मनोबल में कमी की अनुमति नहीं देगा। एल-कोआपरेटिव ने रिपोर्ट के मुता. बिक उन्होंने आडियो रिकार्डिंग में कहा कि सत्ताधारी खेमा दृढ़ है और लामबंद होने के लिए तैयार है। हम ठीक हैं, हम शांत हैं। आप हमें सड़कों पर, इन लोगों के साथ देखेंगे। वह हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, बिल्कुल गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है! मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बीच, निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस अमेरिकी हिरासत में हैं। वाशिंगटन ने कहा है कि इस अभियान में वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शामिल था, जिसके बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान में मादुरो और फ्लोरेस को काराकास में पकड़ लिया गया।

# नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।

आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानक. ारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिसु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिसु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर अधिक भार, खराब मौसम और परिचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं।

## जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गये सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा, हमले का मकसद साफ नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डालर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्काट-आयरिश फैमिली में हुआ था। जेडी अपनी मां बेवर्ली एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता।ो उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवर्ली ने बाब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवर्ली को ड्रग्स और शराब की लत लग गई। ऐसे में जेडी ने अपना बचपन नाना जेम्स वेंस और नानी बोनी वेंस के साथ बिताया। अपने बचपन पर लिखी किताब 'हिलबिली एजेली: ए मेमोयर आफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में जेडी लिखते हैं, 'मुझे अपनी मां का बार-बार मकान बदलना पसंद नहीं था। मुझे नाना-नानी के घर में ही अच्छा लगता।' येल ला स्कूल में कानून की पढ़ाई दौरान जेडी को उषा चिलकुरी नाम की एक लड़की मिली। 'हिल. बली एलेजी' किताब में जेडी लिखते हैं, श्मुझे पहली ही नजर में उषा से प्यार हो गया था। हमारी पहली डेट के बाद ही मैंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। पहले 2010 में दोनों अच्छे दोस्त बने, फिर 2014 में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कर ली। दरअसल, उषा का फैमिली बैकग्राउंड उनसे बिल्कुल अलग हैं।



- जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी, तीन फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी की ट्रोलिंग, 10 लोगों को सजा

## फर्स्ट लेडी को पुरुष कहा था, दोषी बोले: यह सिर्फ मजाक था

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी और फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों के खिलाफ आनलाइन उत्पीड़न के आरोप में दस लोगों को दोषी ठहराया है।

ब्रिगिट मैक्रों ने 2024 में इस आनलाइन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी ये लोग सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैला रहे थे कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष के रूप में जन्मी थीं और उनका नाम जीन-मिशेल ट्रोगन्यूक्स था, जो असल में उनके बड़े भाई का नाम है। इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 41 से 65 साल के बीच है। तीन लोग अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाईं। दोषियों को 8 महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ब्रिगिट मैक्रों की बेटी टिफेन आजियर ने गवाही दी कि इन अफवाहों से उनकी मां की सेहत और पूरे परिवार पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, एक दोषी ने कहा कि यह सिर्फ मजाक था। क्या फ्रांस में मजाक करने के लिए परमिट चाहिए? ब्रिगिट और उनके भाई की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुरूष समझ लिया था। आरोपियों पर ब्रिगिट मैक्रों के लिंग को लेकर कई दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां करने का इल्जाम था। कुछ दोषियों ने उनके और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच 24 साल के फर्क को 'पीडोफिलिया' (छोटे बच्चों की ओर यौन आकर्षण) से जोड़ा। ब्रिगिट मैक्रों ने पुलिस को बताया कि ये आनलाइन टिप्पणियां परेशान करने वाली है। यह सुनना उनके पोते-पोतियों के लिए बहुत मुश्किल है कि उनकी दादी पुरुष हैं। मुकदमे के दोषी जेरोम ए ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट सिर्फ मजाक के रूप में किए थे। उनका कहना था कि ब्रिगिट मैक्रों एक शक्तिशाली व्यक्ति हैं, इसलिए उन्हें आला. ेचना सहन करनी चाहिए। एक महिला आरोपी बताती हैं कि वे पहले भी ब्रिगिट मैक्रों की शिकायत का सामना कर चुकी हैं। 2021 में उन्होंने यूटयूब पर नताशा रे नाम की महिला का चार घंटे का इंटरव्यू पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि ब्रिगिट मैक्रों पहले पुरुष थी। इसके बाद ब्रिगिट ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपये और उनके भाई को 5 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई, 2024 को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। ब्रिजिट मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।



- इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं
- दोषियों को आठ महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर